रोहतक
शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 320
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 25.8
न्यून. 5.4

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 84,481.81 | 77.84 ▼ |
| निफ्टी | 25,815.55 | 3.00 ▼ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 1,36,500/- | ---- |
| चांदी | 2,07,600/- | 1800/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | उछाल |
|---|---|---|
| रुपया | 90.26 | 12 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 59.93 बैरल | | 0.42% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## खबर संक्षेप

### 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के शिल्पकार सुतार का निधन



**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के शिल्पकार राम सुतार का बुधवार देर रात नोएडा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 100 वर्ष के थे और वृद्धावस्था संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। पटेल की विशाल प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' गुजरात में स्थापित की गई है। पीएम ने निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। पेज 8 भी देखें

### छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़, 3 माओवादी ढेर



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में बृहस्पतिवार को सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में एक महिला माओवादी समेत तीन माओवादी मारे गए। पुलिस ने बताया कि जिले के गोलापल्ली थाना क्षेत्र के जंगल और पहाड़ी में माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी के आधार पर सुबह से सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। भाषा

### अब दिल्ली में बीएस-6 वाहनों की ही एंट्री

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली के बाहर पंजीकृत गैर बीएस-6 मानक वाले निजी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध के साथ 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' नियम लागू होने के कारण दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' नियम के तहत जिन वाहनों के पास वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र नहीं है, उन्हें पेट्रोल पंपों पर ईंधन नहीं दिया जा रहा है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की कई टीमें जांच के लिए तैनात की गई हैं। पेज -5 भी देखें

# प्रदेश में अब कोहरे और ठंड का डबल अटैक, कंपकंपाए लोग, अगले 4 दिन तक ऐसा ही रहेगा मौसम, रहें अलर्ट

### तीन जिलों में हुए हादसों में तीन की मौत, 6 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार/रेवाड़ी

प्रदेश में मौसम अब कड़ाके की ठंड और कोहरे का डबल अटैक शुरू हो गया है। ऐसे में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां ठंड कंपकंपी छुड़ा रही है, वहीं जानलेवा कोहरा वाहन चालकों की परेशानी बढ़ा रहा है। पिछले तीन दिनों से हादसे हो रहे हैं। गुरुवार को यमुनानगर, नारनौल व फतेहाबाद में हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने अगले 4 दिनों के लिए कई जिलों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। तीन जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। ऐसे मौसम में बेवजह घरों से बाहर ना निकले, जो बाहर हैं। ट्रैफिक पुलिस ने भी एडवाइजरी जारी की है, जिसमें घने कोहरे को देखते हुए ड्राइवरों को धीमी गति से वाहन चलाने की सलाह दी गई है। (पेज 3 भी देखें)

- 9 जिलों में एडवाइजरी जारी की
- तीन जिलों में रेड अलर्ट जारी, लोग बेवजह घर बाहर न निकलें



कैथल में घने कोहरे के कारण वाहन रेंग रेंगकर चले।

### दिल्ली में गुरुवार दिसंबर का सबसे ठंडा दिन दर्ज

दिल्ली में गुरुवार इस मौसम में दिसंबर का अब तक का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से 2.1 डिग्री कम 20.1 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तराखंड के चमोली में 15 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित हेमकुंड साहिब में तापमान -20 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हेमकुंड पूरी तरह से जम गया।

### आज से एक और पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होगा

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन लाल खीचड़ ने बताया कि प्रदेश में मौसम 20 तक परिवर्तनशील बना रहेगा। उत्तर व उत्तर-पश्चिमी शीत हवाएं हल्की से मध्यम गति से चलने से रात के तापमान में गिरावट हो सकती है, मगर दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी होगी। डॉ. खीचड़ ने बताया आज से एक और पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 19-20 दिसंबर के दौरान बीच-बीच में आंशिक रूप से बादल छाने की संभावना है। इससे दिन के तापमान में हल्की गिरावट व रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है।

# विधानसभा सत्र के पहले दिन ही हंगामा, कांग्रेस का वॉकआउट

### कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव मंजूर, चर्चा आज

योगेंद्र शर्मा ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन गुरुवार को सदन में जमकर हंगामा हुआ। इसके बाद कांग्रेस ने वॉकआउट कर दिया। इससे पहले सदन में 8 विधेयक पेश किए गए। सुबह कार्यवाही की शुरुआत प्रश्नकाल से हुई। दोपहर बाद लंच के बाद स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव चर्चा के लिए स्वीकार कर लिया। स्पीकर ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव मंजूर कर लिया गया है, जिस पर 19 दिसंबर को दूसरी सिटिंग में चर्चा की जाएगी। इस दौरान सिरसा से कांग्रेस विधायक गोकुल सेतिया की ओर से पानी की दिक्कत को लेकर उठाए गए मुद्दे पर कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा में जमकर बहस हुई। कांग्रेस विधायक ने गंगवा को कहा कि आपकी जीरो परफॉर्मेंस हैं। आपसे अच्छे तो आपके विभाग के अधिकारी हैं। इस पर गंगवा ने विरोध जताया। डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा ने कांग्रेस विधायक की ओर से बोले गए शब्दों पर आपत्ति प्रकट की। विपक्ष ने खूब हंगामा किया।

**खूब चले जुबानी तीर**

1. कांग्रेस विधायक के अपशब्दों का सत्तापक्ष ने जताया विरोध
2. नेता विपक्ष चुने जाने पर भूपेंद्र हुड्डा को बधाई प्रस्ताव
3. भुक्कल की मंत्री शर्मा और ढांडा से तीखी नोंकझोंक
4. शून्यकाल के दौरान सेतिया व मंत्री गंगवा के बीच तू-तू मैं-मैं
5. हांसी को जिला बनाने के बाद में राई, टोहाना कोसली, गोहाना सहित कई शहरों को जिला और उपमंडल बनाने की मांग



*हरियाणा विस स्पीकर ने सदन में विधायी कार्यों के लिए 2 घंटे का समय निर्धारित कर दिया है। नेता विपक्ष हुड्डा ने सत्र बढ़ाने का प्रस्ताव रखा, जिस पर मुख्यमंत्री ने भी सहमति जताई।*

**भगवा रंग की पगड़ी पहनकर आए सीएम**

सदन के पहले दिन की खास बात यह रही कि सीएम नायब सैनी भगवा पग बांधकर आए और उन्होंने नेता विपक्ष बनने पर भूपेंद्र हुड् डा को बधाई दी। वहीं, कांग्रेस के 5 विधायक हरी जैकेट पहनकर पहुंचे थे। उनका कहना था कि यह किसानों का प्रतीक है। सदन में किसानों का मुद्दा उठाएंगे। प्रश्नकाल में मंत्री अनिल विज ने भी नेता विपक्ष बनने पर भूपेंद्र हुड् डा को शायराना अंदाज में बधाई दी।

**रोहतक जलघर निर्माण का मुद्दा गूंजा**

रोहतक से कांग्रेस विधायक बीबी बतरा ने जल घर निर्माण को लेकर सवाल उठाए। रोहतक शहर में पानी की विकराल समस्या है। मैं इसको लेकर मुख्यमंत्री से 3-4 बार मिल चुका हूं। लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। स्वच्छ पानी मानव का अधिकार है। रोहतक में 135 लीटर पानी प्रति व्यक्ति मिलना चाहिए, लेकिन ये नहीं हो रहा है। बाद में सीएम नायब सैनी जलघर को मंजूरी दे दी।

**दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी**

विस सत्र के पहले दिन सबसे पहले दिवंगत आत्माओं के लिए शोक प्रस्ताव सत्ता पक्ष की ओर से नेता सदन सीएम नायब सैनी, विपक्ष की ओर से नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा व स्पीकर ने शोक जताया। इसके बाद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

**गोहाना को जिला बनाने की मांग**

सदन में हांसी को जिला बनाए जाने पर जिले के विधायकों ने आभार जताया और जल्द ही प्रशासनिक अफसरों की नियुक्ति करने की अपील की। सदन में मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि गोहाना को भी जिला घोषित करें। चंद्रप्रकाश आदमपुर और बालसमंद को उपमंडल घोषित करने की मांग उठाई।

**भुक्कल की शर्मा और ढांडा से तीखी बहस**

प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल की उनके क्षेत्र के कॉलेजों की खराब हालत को लेकर डा. अरविंद शर्मा व महिपाल ढांडा के साथ में तीखी बहस हुई इस दौरान शोरगुल व हंगामे के हालात हो गए। बाद में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उठकर हस्तक्षेप किया साथ ही भुक्कल द्वारा उठाए मुद्दे बिल्डिंग निर्माण में धांधली पर जांच का आश्वासन दिया।

**चार साल की बच्ची से रेप का मामला उठाया**

नशा मुक्त डिकलेयर गांव (घोषणा) अर्जुन चौटाला ने बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला उठाया साथ ही कहा कि जिस गांव को नशामुक्त घोषित किया गया, उसी गांव में नशेड़ियों ने बच्ची के साथ में दुष्कर्म कर दिया। चौटाला ने इन्हें फांसी की सजा देने और नशा सप्लायरों के विरुद्ध एक्शन की मांग उठाई।

**अविश्वास प्रस्ताव को हरी झंडी**

सदन में विस अध्यक्ष ने कांग्रेस की ओर से दिए अविश्वास प्रस्ताव को स्वीकार करने की घोषणा देर शाम को की। अविश्वास प्रस्ताव मंजूर कर लिया गया है। आज को दूसरी सिटिंग में चर्चा का मौका दिया जाएगा।
**मंत्री पंवार सदन में नहीं पहुंचे :** कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं हो पाए हैं। उनके बाएं घुटने का ऑपरेशन किया गया है। वह अभी मोहाली के अस्पताल में उपचार ले रहे हैं।

### ऐसा लगता है कि जज लास्ट ओवर में ही छक्के मार रहे

# रिटायरमेंट पूर्व जजों का ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने सेवानिवृत्ति से ठीक पहले 'बहुत सारे आदेश' पारित करने की न्यायाधीशों की 'बढ़ती प्रवृत्ति' पर आपत्ति जताई और इसकी तुलना मैच के अंतिम ओवरों में बल्लेबाज द्वारा 'छक्के मारे जाने' से की। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय की पीठ मध्य प्रदेश के एक प्रधान और जिला न्यायाधीश की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कुछ संदिग्ध न्यायिक आदेशों के संबंध में उनकी निर्धारित सेवानिवृत्ति से ठीक 10 दिन पहले उन्हें निलंबित करने के उच्च न्यायालय के सामूहिक फैसले को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली भी इस पीठ में शामिल थे। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता ने सेवानिवृत्ति से ठीक पहले छक्के लगाने शुरू कर दिए। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति है। मैं इस पर विस्तार से चर्चा नहीं करना चाहता।


न्यायपालिका में भ्रष्ट आचरण को लेकर अप्रत्यक्ष रूप से सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

**बहुत सारे आदेश पारित करने की प्रवृत्ति बढ़ी**

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सेवानिवृत्ति से ठीक पहले न्यायाधीशों की बहुत सारे आदेश पारित करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। मध्य प्रदेश के न्यायिक अधिकारी 30 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले थे और उन्हें कथित तौर पर उनके द्वारा पारित दो न्यायिक आदेशों के कारण 19 नवंबर को निलंबित कर दिया गया।

**हांसी में चार्जिंग प्लग हटाते ही ब्लास्ट**

## ई-स्कूटी की बैटरी फटने से घर में लगी आग, 1 की मौत

**हांसी (हरिभूमि न्यूज)।** मुलतान कॉलोनी में गुरुवार अलसुबह घर में खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी फटने से आग लग गई। हादसे में मकान मालिक नरेश की मौके पर मौत हो गई, जबकि पत्नी और दो बच्चे झुलस गए। उन्हें नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर डायल 112, अनाज मंडी चौकी पुलिस, फोरेंसिंक टीम, फायर ब्रिगेड व एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घर में लगी आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कमरे में का सामान राख हो चुका था। आस-पास के लोगों ने घायलों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मकान मालिक 38 वर्षीय नरेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि नरेश की पत्नी 35 वर्षीय ज्योति व 15 वर्षीय बेटी वंदना तथा 12 वर्षीय बेटा साहिल का उपचार किया जा रहा है। नरेश अलसुबह करीब साढ़े पांच बजे चार्ज हो रही स्कूटी का प्लग हटा रहे थे। इसी दौरान बैटरी में धमाका हो गया।

**पत्नी और दो बच्चे गंभीर रूप से झुलसे**

**दिल्ली हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी**

## तलाक के लिए एक साल अलग रहना जरूरी नहीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि आपसी सहमति से तलाक लेने वाले पति पत्नी के लिए एक साल तक अलग रहने की शर्त अनिवार्य नहीं है। कोर्ट ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत बनाए गए इस शर्त को सही मामलों में माफ किया जा सकता है। कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसी परिस्थितियों में, पति-पत्नी को शादी के बंधन से मुक्त करने के बजाय, उन्हें एक गलत रिश्ते में उलझाए रखना गलत होगा। इससे दोनों पर अनावश्यक मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक तनाव पड़ेगा। यह स्पष्टीकरण एक डिवीजन बेंच द्वारा किए गए एक रेफरेंस के जवाब में आया, जिसमें अधिनियम के तहत आपसी सहमति से तलाक के लिए याचिका पेश करने की समयसीमा पर मार्गदर्शन मांगा गया था।


दोनों को अनचाहे रिश्ते में उलझाए रखना गलत

**लोकसभा में बोले-नितिन गडकरी**

## मानवीय व्यवहार से जुड़ी हैं अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं

**नई दिल्ली (भाषा)।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं ऐसे लोगों के व्यवहार से जुड़ी होती हैं, जो अक्सर सुरक्षा मानदंडों की अनदेखी करते हैं। गडकरी ने इस तथ्य का उल्लेख करते हुए दुख जताया कि भारत में हर साल करीब 5 लाख सड़क हादसे होते हैं, जिनमें औसतन 1.8 लाख लोगों की जान जाती है। इनमें से 66% मौतें युवाओं (18 से 34 साल) की होती हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्यों को आधुनिक एंबुलेंस देने की योजना तैयार कर रही है। इसके तहत एंबुलेंस हादसे की जगह पर 10 मिनट के भीतर पहुंचेगी। इससे घायलों को काफी मदद मिलेगी। गडकरी ने स्वीकार किया कि रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधारने और कानून सख्त करने के बावजूद सरकार मौतों की संख्या घटाने में पूरी तरह सफल नहीं हुई है।


सड़क सुरक्षा अभियान चलाने का आह्वान किया

# हंगामे के बीच संसद में 'वीबी-जी राम जी बिल' पारित, विपक्ष ने कागज फाड़े

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| नई दिल्ली

संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा ने गुरुवार को विपक्ष के हंगामे के बीच 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' को पारित कर दिया। इस दौरान आसन के समीप हंगामा कर रहे कुछ विपक्षी सदस्यों ने मंत्री के सामने कागज भी उछाले। इस दौरान विपक्ष ने बिल के विरोध में जमकर नारेबाजी की। विपक्षी सांसद आसन में पहुंच गए और कागज फेंके। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 'कांग्रेस ने बापू के आदर्शों को मार दिया, जबकि मोदी सरकार ने उन्हें जिंदा रखा है'।

**शिवराज बोले- कांग्रेस ने चुनावी फायदे के लिए जोड़ा था गांधी का नाम**



**चर्चा में 99 सदस्यों ने भाग लिया, देर रात तक हुई चर्चा**

सदन ने विपक्ष के कुछ सदस्यों के संशोधनों को खारिज करते हुए बीच बिल ध्वनि मत से पास हो गया। चर्चा में 99 सदस्यों ने भाग लिया। यह प्रस्तावित कानून 20 साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह लेगा। इससे पहले बुधवार को सदन में उक्त विधेयक पर देर रात तक चर्चा हुई। *(विस्तृत पेज पांच पर)*

*धनशोधन की जांच के तहत कार्रवाई*

## डंकी रूट मामले में हरियाणा समेत कई राज्यों में ईडी के छापे

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रवर्तन निदेशालय ने भारतीयों को 'डंकी रूट' के जरिए अवैध रूप से अमेरिका भेजने के मामले में पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में बृहस्पतिवार को फिर से तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उनके मुाबिक,एजेंसी ने यह कार्रवाई मामले से जुड़े धनशोधन की जांच के तहत की है। संघीय जांच एजेंसी ने पहले दौर की छापेमारी जुलाई में की थी और इस अवैध गिरोह में शामिल कुछ कथित आरोपी ऑपरेटरों की पहचान करने के बाद हाल ही में कुछ ट्रैवल एजेंटों की पांच करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी। बृहस्पतिवार को उन संस्थाओं और व्यक्तियों पर छापेमारी की गई है जिन पर इस गिरोह में दूसरे और तीसरे स्तर पर शामिल होने का संदेह है।

**पहले दौर की छापेमारी जुलाई में की गई थी**

**3500 करोड़ की 169 संपत्तियां जब्त**

जांच एजेंसी ने पीएसीएल और अन्य के मामले में चल रही जांच के सिलसिले में लुधियाना में स्थित 3436.56 करोड़ की 169 अचल संपत्तियां जब्त की हैं। ईडी ने कहा कि जांच में पता चला है कि लाखों निवेशकों से जुटाए गए फंड का एक हिस्सा पीएसीएल के नाम पर इन 169 अचल संपत्तियों को खरीदने में इस्तेमाल किया गया था।

### विमान का टायर फटा कोचीन में आपात लैंडिंग

**कोच्चि (भाषा)।** सऊदी अरब के जेद्दा से 160 यात्रियों को लेकर केरल के कोझिकोड जा रहे विमान को टायर में खराबी आने के कारण बृहस्पतिवार को 'एहतियात के तौर पर' यहां कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतार लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एअर इंडिया एक्सप्रेस प्रवक्ता ने कहा कि जेद्दा-कोझिकोड उड़ान को कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़कर विमान के टायर में संभावित खराबी से एहतियाती तौर पर उतार लिया गया। प्रवक्ता ने कहा कि जेद्दा हवाई अड्डे के रनवे पर किसी वस्तु के कारण टायर में खराबी आने की आशंका है।

**जेद्दा से आ रही थी फ्लाइट 160 यात्री सुरक्षित**

## पीएम को मिला 29वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान

# प्रधानमंत्री मोदी को सुल्तान हैथम बिन तारिक ने 'ऑर्डर ऑफ ओमान' पुरस्कार से नवाजा

### विश्व पटल पर भारत की धाक

भाषा ▸▸| मस्कट

*मोदी अपनी तीन देशों की सफल यात्रा के अंतिम चरण में मस्कट पहुंचे। दोनों पक्ष व्यापार, निवेश, ऊर्जा, रक्षा और संस्कृति में रणनीतिक साझेदारी को प्रगाढ़ बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे।*

ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगदान और उनके 'दूरदर्शी नेतृत्व' के लिए बृहस्पतिवार को उन्हें विशेष नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ ओमान' से नवाजा। प्रधानमंत्री मोदी को ओमान की दो दिवसीय यात्रा के दौरान यह सम्मान दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऑर्डर ऑफ ओमान प्राप्त करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। इस सम्मान के लिए सुल्तान हैथम बिन तारिक, ओमान सरकार और वहां की जनता का आभार व्यक्त करता हूं।

**इथियोपिया' और कुवैत में भी किया सम्मानित**

मोदी को इस सम्मान समेत दूसरे देशों में 28 से अधिक उच्चतम नागरिक सम्मान से नवाजा जा चुका है। हाल ही में उन्हें इथियोपिया में 'ग्रेट ऑनर निशां ऑफ इथियोपिया' और कुवैत में 'ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर' से सम्मानित किया गया था। भारत और ओमान के बीच कूटनीतिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर मोदी ओमान की यात्रा पर हैं। मोदी बुधवार को मस्कट पहुंचे थे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। *(संबंधित पेज 8 पर)*



**21वीं सदी का भारत बड़े व त्वरित निर्णय लेता है : मोदी**

मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का भारत बड़े और त्वरित फैसले लेता है, बड़े लक्ष्य तय करके आगे बढ़ता है और समयबद्ध तरीके से परिणाम देता है। दो दिवसीय ओमान यात्रा पर आए मोदी ने यहां भारतीय छात्रों और समुदाय के सदस्यों से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। छात्रों और भारतीय समुदाय के सदस्यों ने मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया और उत्साहपूर्वक नारे लगाते हुए तालियों के साथ उनका अभिनंदन किया।

## गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान दिवस पर सदन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित

### स्वास्थ्य सेवाओं, कानून व्यवस्था व किसानों के मुद्दे पर सदन में चर्चा

# विधानसभा सत्र के पहले दिन सदन में आठ विधेयक पेश


संविधान को नमन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधान सभा के शीतकालीन सत्र की पहले दिन बृहस्पतिवार की कार्यवाही प्रश्नकाल और शून्यकाल में अनेक विधायकों ने स्कूल, उच्च शिक्षा और जलभराव जैसे जनहित के विषयों को उठाया। राज्य के विद्यालयों/प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षित शिक्षकों और अनुदेशकों की भारी कमी विषय पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। सदन दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि भी दी। इस दौरान सरकारी संकल्प पर विस्तृत चर्चा हुई और 8 विधेयक पेश किए गए। प्रस्तुत किए गए विधेयकों में हरियाणा श्री माता मनसा देवी पूजास्थल (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा श्री माता शीतला देवी पूजास्थल (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा माता भीमेश्वरी देवी मंदिर (आश्रम), बेरी पूजास्थल (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा अन्तरराष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा श्री कपाल मोचन, श्री बद्री नारायण, श्री मंतरा देवी तथा श्री केदार नाथ पूजास्थल (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा पंचायती राज (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2025 तथा हरियाणा नगर निकाय विधेयक, 2025 शामिल हैं।

## गुरु तेग बहादुर का जीवन व बलिदान भारतीय सभ्यता की आत्मा का प्रतीक : मुख्यमंत्री

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन में गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान दिवस पर प्रदेशभर में कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए



हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस आयोजन समिति, सभी जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठनों और नागरिक संस्थाओं का आभार व्यक्त किया गया। इस संबंध में एक प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके अलावा, सदन की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने 25 नवम्बर को ज्योतिसर, कुरुक्षेत्र में आयोजित विशाल समागम में गुरुजी को नमन किया और अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री शीतकालीन सत्र के पहले दिन संसदीय कार्य मंत्री महीपाल ढांडा द्वारा गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों के लिए सरकारी प्रस्ताव प्रस्तुत करने के बाद चर्चा के दौरान सदन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर का जीवन और बलिदान भारतीय सभ्यता की उस आत्मा का प्रतीक है, जिसने सत्य, धर्म और मानव गरिमा की रक्षा के लिए स्वयं को न्योछावर करना स्वीकार किया, लेकिन अन्याय व अधर्म के सामने झुकना कभी स्वीकार नहीं किया।

## स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा, खाली पदों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा

चंडीगढ़। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक बार फिर से गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सरकार ने विधानसभा में यह स्वीकार किया है कि मेडिकल और पैरा-मेडिकल स्टाफ के हजारों पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। रानिया विधायक अर्जुन चौटाला द्वारा उठाए सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बृहस्पतिवार को सदन में सभी जिलों से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट पेश की, जिसमें स्वास्थ्य तंत्र की असल तस्वीर सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 21 हजार 296 पद स्वीकृत हैं। इनमें से 15 हजार 912 पदों पर ही तैनाती हो पाई है, जबकि 5384 पद फिलहाल रिक्त हैं। इन आंकड़ों ने यह साफ कर दिया है कि अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में स्टाफ की भारी कमी बनी हुई है। जिसका सीधा असर मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं पर पड़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने सदन को भरोसा दिलाया कि इन रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके लिए हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी), हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) और विभागीय चयन समितियों को भर्ती प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं।

## मुख्यमंत्री ने नेता विपक्ष चुने जाने पर पूर्व सीएम को बधाई दी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन के नेता के रूप में हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन एक नई परंपरा की शुरुआत करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुने जाने पर बधाई दी एवं अभिनंदन किया, जो हरियाणा विधानसभा के इतिहास में पहली बार हुआ है कि विपक्ष के नेता चुने जाने पर सदन के नेता द्वारा नेता प्रतिपक्ष का स्वागत किया गया हो। मुख्यमंत्री की इस पहल का भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी स्वागत किया और कहा कि राजनीति में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं। लोकहित में मनभेद नहीं होने चाहिएं। विपक्ष की ओर से हम केवल राजनीतिक मतभेद तक ही अपने आपको सीमित रखेंगे और यही आशा सत्ता पक्ष से भी है, इस तरह हम जनता की बेहतर तरीके से सेवा कर सकेंगे।

## मातनहेल कॉलेज बिल्डिंग की जांच करवाएंगे : सीएम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मातनहेल कॉलेज की बिल्डिंग कब बनी, उसकी पूरी जांच करवाई जाएगी। जब बिल्डिंग बनाई गई, उस समय उसके क्या मानदंड रहे और क्या निर्माण सामग्री उपयोग हुई। जांच उपरांत जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री सत्र के पहले दिन विधायक गीता भुक्कल द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री ने बड़ा दिल दिखाते हुए कहा है कि वे विधायक गीता भुक्कल को साथ लेकर मौके पर जायेंगे और यदि किसी ने कोई कोताही बरती होगी तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## सदन ने स्वतंत्रता सेनानियों और शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

सत्र के पहले दिन सदन में पिछले सत्र और इस सत्र की अवधि के दौरान मृत्यु को प्राप्त हुए महान विभूतियों, स्वतंत्रता सेनानी और शहीद जवानों के सम्मान में शोक प्रस्ताव पढ़े गए और शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। सर्वप्रथम सदन के नेता मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शोक प्रस्ताव पढ़े। इनके अलावा, विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और आदित्य देवी लाल ने पार्टी की ओर से शोक प्रस्ताव पढ़कर श्रद्धांजलि दी। सदन में जिनके शोक प्रस्ताव पढ़े गए, उनमें मिजोरम के भूतपूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल, भूतपूर्व गृह मंत्री शशिवराज पाटिल, हरियाणा के भूतपूर्व राज्यमंत्री खरैती लाल शर्मा व चौधरी साहब सिंह सैनी शामिल हैं। सदन ने शहीद जवानों को भी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत को मंजूरी

लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि गुहला भाटिया सड़क पुनर्निर्माण एवं मरम्मत इत्यादि के लिए 275.33 लाख रुपये की संशोधित प्रशासनिक मंजूरी दी है। सुधार का काम मई 2026 तक पूरा हो जाएगा। गंगवा शीतकालीन सत्र में गुहला से विधायक देवेंद्र हंस द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में सदन को अवगत करा रहे थे। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि मुख्यमंत्री महोदय द्वारा जुलाई 2017 में की गई घोषणा चीका में बाईपास बनाने के लिए थी, न कि कैथल चीका सड़क को 4-लेन करने के लिए।

## पानीपत शिशु एवं मातृत्व अस्पताल का निर्माण 31 तक पूर्ण होगा : आरती राव

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि पानीपत के नागरिक अस्पताल परिसर में शिशु एवं मातृत्व अस्पताल का निर्माण कार्य 31 दिसंबर तक पूर्ण होने की संभावना है। इसके बाद इसे औपचारिक रूप से जनता की सेवा के लिए समर्पित कर दिया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री शीतकालीन सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रही थी। आरती सिंह राव ने बताया कि पानीपत स्थित नागरिक अस्पताल परिसर में शिशु एवं मातृत्व अस्पताल में 100 बिस्तर होंगे। मातृ एवं शिशु अस्पताल में प्रसूति एवं स्त्री रोग एवं बाल रोग सहित सभी विशिष्ट बाह्य रोगी एवं अंतरोग विभाग की सेवाएं, जिनमें प्रयोगशाला, प्रसवोत्तर देखभाल, टीकाकरण, अल्ट्रासाउंड, एम्बुलेंस, एनआईसीयू, डीईआईसी, एनआरसी आदि सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## हादसे में दिव्यांग हुए बस कंडक्टर का मुआवजा छह गुना बढ़ाया

चंडीगढ़। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने सड़क हादसे में स्थायी दिव्यांगता झेल रहे एक बस कंडक्टर को बड़ी राहत देते हुए मुआवजे की राशि लगभग छह गुना बढ़ा दी है। कोर्ट ने कहा कि पहले दिया गया मुआवजा अपर्याप्त था और चोटों की गंभीरता का सही आकलन किए बगैर इसे तय किया गया था। जस्टिस हरकेश मनुजा ने हरियाणा के भिवानी जिले के चिकनवास गांव के पास वर्ष 2006 में हुए हादसे में घायल हुए राम सिंह को देय मुआवजे का पुनर्मूल्यांकन करते हुए मोटर एक्सीडेंट क्लेम्स ट्रिब्यूनल भिवानी द्वारा दिए गए एक लाख रुपये के मुआवजे को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने कुल मुआवजा 5,91,500 रुपये तय किया और उस पर 9 प्रतिशत ब्याज देने का भी निर्देश दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि तीन महीने के भीतर राशि का भुगतान नहीं किया गया तो आगे यह 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ देय होगी। हादसा 26–27 नवंबर 2006 की रात करीब 3.30 बजे हुआ था। सिरसा से भिवानी जा रही बस अचानक सड़क पर आए एक खच्चर से टकरा गई। इसके बाद सामने से आ रहे वाहन की तेज हेडलाइट से चालक की आंखें चौंधिया गईं और बस सड़क किनारे पेड़ से टकराकर पलट गई। इस दुर्घटना में बस कंडक्टर राम सिंह को गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## बिना सुनवाई संविदा चालक की सेवा समाप्ति अवैध: हाईकोर्ट

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने संविदा कर्मचारी की सेवा बिना कारण बताए और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन किए बिना समाप्त किए जाने को अवैध ठहराते हुए बड़ा राहत भरा फैसला सुनाया है। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की एकल पीठ ने चालक छबिल्ला की याचिका स्वीकार करते हुए बैंक प्रबंधन द्वारा पारित सेवा समाप्ति से जुड़े सभी आदेश रद्द कर दिए हैं और याची को बकाया वेतन देने के साथ-साथ नए सिरे से कानून के अनुसार निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। याचिका में छबिल्ला ने अदालत को बताया कि उन्हें 9 अक्तूबर 2017 को आउटसोर्सिंग के माध्यम से चालक के पद पर नियुक्त किया गया था और बाद में हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के जरिए पुन तैनात किया गया। उन्होंने आठ वर्ष से अधिक निरंतर सेवा दी है, जिससे वे हरियाणा संविदा कर्मचारी (सेवा सुरक्षा) अध्यादेश, 2024 के तहत संरक्षण के पात्र हो चुके थे।

■ सेवा समाप्त करने का आदेश रद, वेतन देने के आदेश

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (ii) Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी इनाम पुत्र याकूब, पता:** गांव खोड़ी, खुर्द थाना ताबडू, मेवात हरियाणा, नगीना, मेवात, **हरियाणा। FIR No. 367/2021, Us: 356/379/411 IPC, पुलिस थाना: ज्योति नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इनाम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इनाम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **इनाम FIR No. 367/2021, Us: 356/379/411 IPC, पुलिस थाना: ज्योति नगर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.01.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
राहुल सैनी
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08
कमरा नंबर– जी–06 न्यू कोर्ट बिल्डिंग
शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/16884/NE/2025
(Court Matter)

## 26 मार्च से शुरू होगा साहुवाला प्रथम, ओढ़ां व सावंतखेड़ा में अंडरब्रिज का निर्माण कार्य

चंडीगढ़। सिरसा, फतेहाबाद, हिसार और डबवाली क्षेत्र की ज्वलंत सड़क सुरक्षा समस्याओं और अधोसंरचना से जुड़े मुद्दों को लेकर वीरवार को लोकसभा में सिरसा की सांसद सैलजा द्वारा पूछे प्रश्नों पर



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सकारात्मक एवं ठोस जवाब दिए। मंत्री ने कहा कि साहुवाला प्रथम, ओढ़ां, चोरमार, सावंत खेड़ा में अंडरब्रिज निर्माण कार्य मार्च 2026 से प्रारंभ कर दिया जाएगा। साथ ही गडकरी ने सिरसा दक्षिणी बाईपास के लिए सर्वे कराए जाने और उसकी उपयोगिता के आधार पर शीघ्र निर्माण की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। सांसद सैलजा ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सवाल किया कि क्या केंद्र सरकार की जालंधर-तारानगर वाया मानसा-सिरसा-नोहर प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग 703 को जोड़ने के लिए सिरसा में दक्षिणी बाईपास बनाने की योजना बना रही है।

## एचएसजीएमसी कमेटी प्रधान झींडा का इस्तीफा मांगा

चंडीगढ़। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एचएसजीएमसी) में कथित भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं और प्रशासनिक विफलताओं को लेकर टकराव सामने आ गया है। कमेटी प्रधान जगदीश सिंह झींडा पर गुरु की गोलक (दान पात्र) के फंडों के दुरुपयोग, गुरुद्वारों के प्रबंध को चौपट करने और धर्म प्रचार व शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोपों को लेकर कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने गुरुवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधान झींडा से तुरंत इस्तीफे की मांग की। इस मौके पर जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल (चेयरमैन, धर्म प्रचार समिति), गुरमीत सिंह रामसर (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट) सहित अन्य मौजूद रहे।

## पंचकूला में अवैध खनन पर मानव अधिकार आयोग सख्त, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को लगाई फटकार

चंडीगढ़। हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने पंचकूला में अवैध खनन एवं उससे जुड़ी गंभीर पर्यावरणीय अनियमितताओं पर कड़ा संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अवैध खनन न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि आम नागरिकों के स्वास्थ्य, जीवन एवं मानव अधिकारों का भी सीधा उल्लंघन है।पिंजौर–नालागढ़ रोड, मल्लाह रोड, रायपुर रानी, मोरनी, बरवाला एवं चंडीमंदिर क्षेत्रों में चल रही अवैध खनन गतिविधियों को लेकर प्राप्त रिपोर्ट की गहन समीक्षा के बाद हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ललित बत्रा तथा दोनों सदस्यों कुलदीप जैन और दीप भाटिया को मिलाकर बने पूर्ण आयोग ने हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त किया। आयोग ने पाया कि स्टोन क्रशर, स्क्रीनिंग प्लांट, ईंट भट्टों एवं खनन इकाइयों में अनिवार्य पर्यावरणीय मानकों का व्यापक स्तर पर उल्लंघन हो रहा है। आयोग इस रिपोर्ट से पूर्णतः असंतुष्ट है।

### निगरानी करने में असफल

आयोग के दिनांक 19 अगस्त 25 के आदेश के अनुपालन में, क्षेत्रीय अधिकारी, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पंचकूला क्षेत्र से दिनांक 12 नवंबर 25 की विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्त हुई है। दिनांक 12 नवंबर की रिपोर्ट के अध्ययन के बाद जस्टिस ललित बत्रा की अध्यक्षता वाले पूर्ण आयोग ने अपने आदेश में लिखा है कि आयोग के बार-बार दिए गए निर्देशों के बावजूद, क्षेत्रीय अधिकारी, पंचकूला द्वारा नियमित यादृच्छिक भ्रमण, औचक निरीक्षण एवं सतत निगरानी नहीं की गई। आयोग ने विशेष रूप से यह रेखांकित किया कि अनेक इकाइयों में अनिवार्य दोहरी हरित पट्टी (ग्रीन बेल्ट) विकसित नहीं की गई है, जो धूल एवं प्रदूषण को रोकने का प्राथमिक सुरक्षा उपाय है।

## किसानों के हितों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बाढ़ से प्रभावित इलाकों की स्थिति को गंभीरता से लिया है और उन्होंने स्वयं मौके पर जाकर क्षेत्रों का दौरा किया था और किसानों से बात भी की थी। बाढ़ के कारण खेतों में एकत्रित हुई रेत के उठान के संबंध में सरकार ने टीम भेजी थी कि अगर किसी के खेत में ज्यादा रेत आ गई है, तो उसके उठान की सरकार मंजूरी देगी। परंतु यह पाया गया कि रेत ज्यादा नहीं आया। मुख्यमंत्री वीरवार को सत्र के पहले दिन पूछे सवाल का का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों के हितों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिकता है।


## ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

प्रत्याभूति हित अधिनियम, 2002 (यहां इसके पश्चात ''एक्ट'') के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (आईआईएफएल एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा) और शाखा कार्यालय :- ''एससीओ 41पी, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001 के पास गिरवीकृत अचल सम्पत्ति की बिक्री। चूंकि आईआईएफएल-एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी (''एओ'') आईआईएफएल-एचएफएल को देय राशि की उगाही हेतु ''जैसा है जहां है आधार, जो है जैसा है आधार और बिना अवलम्ब आधार'' पर इसकी बिक्री के अधिकार सहित निम्नलिखित ऋण अकाउंट्स / प्रोस्पैक्ट नम्बर में अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का कब्जा ले चुके थे, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों) | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति का वर्णन | भौतिक कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| श्री गुलशन कुमार श्रीमती देप्पो देवी गुरू किरपा मशरूम फार्म (प्रोस्पेक्ट नं. IL10432809) | 13/02/2025 रू. 2175493 (रुपये इक्कीस लाख पचहत्तर हजार चार सौ तिरानवे केवल)<br>बोली बढ़ौतरी राशि रू. 25000/- (रुपये पच्चीस हजार केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव बोहल्ला खालसा, तह. निगधू, जिला करनाल, हरियाणा- 132157 में स्थित खेवट नं. 190, खतौनी नं. 264 में से सम्पत्ति। सम्पत्ति का प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2518.30, 1510.00, 1283.50 | 11/11/2025<br>कुल बकाया दिनांक 08.12.2025 के अनुसार रू. 2538696.25/- (रुपये पच्चीस लाख अड़तीस हजार छह सौ छियानबे और पच्चीस पैसे केवल) | रू. 2187000/- (रुपये इक्कीस लाख सत्तासी हजार केवल)<br>धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रू.218700/- (रुपये दो लाख अठारह हजार सात सौ केवल) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अन्तिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 16.01.2026 1100 बजे - 1400 बजे | 20.01.2026 अप. 5.00 बजे तक | 22.01.2026 1100 बजे - 1300 बजे |

**भुगतान का मोड** :- ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के तहत किये जाने हैं। भुगतान करने के लिये आपको https://www.iiflonehome.com पर पधारना होगा और केवल सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। **टिप्पणी** : प्रत्येक सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें आप सार्वजनिक नीलामी के तहत खरीदने के लिये इच्छुक सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं।
**शेष भुगतान हेतु - लॉगइन करें https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance Amount**

**नियम एवं शर्तें** :-

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये, इच्छुक बोलीदाताओं को पहले ही सेवाप्रदाता https://www.iiflonehome.com के पास अपने विवरण पंजीकरण करवाना आवश्यक है और लॉगइन अकाउंट, लॉगइन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित शाखा कार्यालय में भुगतान विवरण के तहत ईएमडी, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति सहित अपना ''निविदा प्रपत्र'' जमा करवाना / भेजना होगा।
2. बोलीदाता कॉलम ''बोली बढ़ौतरी राशि'' के तहत वर्णित राशि के गुणज में अपने प्रस्ताव सुधारेंगे। यदि बोली नीलामी बंद होने के समय के अन्तिम 5 मिनट में रखी जाती है, बंद होने का समय स्वतः ही 5 मिनट के लिये बढ़ा दिया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि का शेष 75% सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना चाहिए। सभी जमा और भुगतान भुगतान के निर्धारित तरीके में होंगे।
4. खरीदार को उपकर, लागू स्टांप ड्यूटी, शुल्क और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य देय जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और लागत दरों सहित चार्जेज वहन करने होंगे।
5. खरीददार को बिक्री राशि के लेन-देन / भुगतान करने के लिए टीडीएस अप्लीकेशन भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफल के पास टीडीएस प्रमाण-पत्र जमा करवाना होगा।
6. **बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिये अपनी बोलियां जमा करवाने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction को पढ़ना चाहिए।**
7. **विवरण, ई-नीलामी पर मदद प्रक्रिया और ऑनलाइन ट्रेनिंग हेतु संभाव्य बोलीदाता सेवाप्रदाता से सम्पर्क कर सकते हैं ई-मेल आईडी :- care@iiflonehome.com, सपोर्ट हैल्पलाइन नम्बर : @ 1800 2672 499**
8. सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली इत्यादि से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिये आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नं. 1800 2672 499 पर 09:30 बजे से 18:00 बजे के बीच सोमवार से शुक्रवार तक कॉल करें अथवा care@iiflonehome.com पर ई-मेल लिखें।
9. उपरोक्त कर्जदारों को एतद् द्वारा 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय प्रत्याभूत परिसम्पत्ति में रखे हुए घरेलू सामानों को एकत्र करने के लिए नोटिस दिया जाता है, अन्यथा आईआईएफएल -एचएफएल परिस्थितियों के तहत संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अलावा कर्जदार/ों को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
11. सफल बोलीदाता / नीलामी खरीदकर्ता द्वारा किसी भी स्तर पर उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी को स्थगित करने / रद्द करने अथवा नियम एवं शर्तों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद के मामले में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत 30 दिन की वैधानिक बिक्री सूचना**

कर्जदारों को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वे निविदा/नीलामी की तारीख से पहले अद्यतन ब्याज और सहायक व्यय के साथ ऊपर वर्णित राशि का भुगतान कर दें, जिसमें विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया देय राशि है तो ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

स्थान : करनाल दिनांक : 19.12.2025 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड


रजिस्ट्री सं. डी.एल.–33004/99 REGD. NO. D.L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.–09122025–268352
CG-DL-E-09122025-268352
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
Part II-Section 3-Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5444] नई दिल्ली, शुकवार, दिसम्बर 5, 2025/अग्रहायण 14, 1947
No. 5444] NEW DELHI, FRIDAY, DECEMBER 5, 2025/AGRAHAYANA 14, 1947

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 5 दिसम्बर, 2025

**का.आ. 5632 (अ).**– केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 287 (अ) दिनांक 15.01.2025, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा हरियाणा राज्य के चरखी दादरी जिले में इस्माईलाबाद (गंगहेडी) नारनौल राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 152डी के के कि.मी. 145.000 से कि.मी. 180.000 तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चोड़ा करने / चार लेन/छः लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "12.02.2025" को "द इंडियन एक्सप्रेस" और "हरिभूमि" दोनों में प्रकाशित किया गया था :

और सक्षम प्राधिकारी को किसी व्यक्ति ने कोई आक्षेप प्राप्त नहीं हुए है;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए :

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

हरियाणा राज्य के चरखी दादरी जिले में इस्माईलाबाद (गंगहेडी) नारनौल–राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 152डी के कि.मी. 145.000 से कि.मी. 180.000 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।

8200 GI/2025

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में ऐलनाबाद में लोनिवि विश्राम गृह की विशेष मरम्मत (जीएसटी के बिना)। | 17.12.2025 24.12.2025 | 43.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में गांव बडोपट्टी में आईटीआई का निर्माण (जीएसटी के बिना)। | 17.12.2025 06.01.2026 | 1646.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में गांव कंडेला में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 06.01.2026 | 1262.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 4 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में गांव पौंकेरी खेड़ी में पुष्कर तीर्थ की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 25.12.2025 | 148.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 5 | लोनिवि भ व प करनाल | कार्यालय, अधिशासी अभियंता, गुणवत्ता नियंत्रण मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, करनाल में 1 अदद 45 केवीए डीजी सैट का प्रावधान + 1 कार्य। | 18.12.2025 25.12.2025 | 24.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में गुहला में लोनिवि भ व प कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टर्स का निर्माण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 26.12.2025 | 787.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 PWDEEPPD2KTL@GMAIL.COM |
| 7 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में पलवल में लघु सचिवालय के परिसर में ज्यूडीशियल ब्लॉक में दिव्यांग व्यक्तियों के शौचालयों हेतु सुगम्य भारत अभियान (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 23.12.2025 | 3.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में पलवल में ज्यूडीशियल ब्लॉक में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधा जो वर्तमान में नहीं है, के प्रावधान हेतु विशेष मरम्मत आकलन (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 26.12.2025 | 70.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 9 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | एसएचकेएम जीएमसी, नूह में कूडा कर्कट पॉली बैग्ज की खरीद हेतु निविदा। | 22.12.2025 06.01.2026 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 dirshkmnuh.med-hry@gov.in |
| 10 | पंचायती राज भिवानी | गांव सुधीवास ब्लॉक बहल में एमजीजीबीवाई में पानी की टंकी का निर्माण (स्कीम डी-प्लान)। | 15.12.2025 20.12.2025 | 2.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज करनाल | गांव पढाना ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में ब्राह्मण चौपाल को पूरा करने के लिए कच्चा लागत आकलन, वीएएनजीवाई + 3 कार्य। | 16.12.2025 06.01.2026 | 47.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 12 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | एसएचकेएम जीएमसी, नूह में लॉंड्री सेवाओं के लिए निविदा। | 19.12.2025 23.12.2025 | 66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 dirshkmnuh.med-hry@gov.in |
| 13 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह में कैफेटेरिया के लिए कैंटीन सेवाओं के प्रावधान हेतु निविदा। | 22.12.2025 06.01.2026 | 15.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 dirshkmnuh.med-hry@gov.in |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नरवाना | धमतान डिस्टी के आरडी 57400-आर पर घाट की मरम्मत हेतु आकलन। | 16.12.2025 23.12.2025 | 3.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9660864175 xen-wsnrw.irr@gov.in |
| 15 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा (पी-5) : सिरसा कस्बा जिला सिरसा में आंतरिक वितरण पाइप लाइंस बिछाकर और अतिरिक्त संरचनाओं, बूस्टिंग स्टेशनों का निर्माण करके जलापूर्ति योजना सिरसा कस्बे का संवर्धन (अमरूत-2 के तहत) ''सिरसा कस्बा में प्रथम और तृतीय जलघर में पम्पिंग मशीनरी, पम्प चेम्बर की स्थापना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।'' | 17.12.2025 13.01.2026 | 454.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 16 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डबवाली | कालांवाली कस्बा :- कालांवाली कस्बा में विभिन्न स्थानों पर आंशिक सीवर लाइन को बिछाना और एसएफआरसी मैनहोल कवर फ्रेम का प्रावधान व फिक्सिंग, सीवर लाइन में रूकावट को हटाना, मैनहोल चेम्बर की मरम्मत और निर्माण के लिए डीएनआईटी। सीएच. हैड :- वर्ष 2025-26 हेतु सीवरेज स्कीम कालांवाली कस्बा के लिए वार्षिक रखरखाव आकलन। | 17.12.2025 24.12.2025 | 4.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/320/41292/I/88/6 दि. 18.12.25

पूर्व वित्त मंत्री ने बास में आयोजित अभिनंदन समारोह को किया संबोधित

# नारनौंद की धरती को मंदिर मानकर इस इलाके की सेवा की, कुछ लोग कर रहे इलाके को बदनाम करने की साजिश : कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

पूर्व वित्त मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि उन्होंने नारनौंद हलके की धरती को मंदिर मानकर क्षेत्र की सेवा करने का काम किया है। खून के आखिरी कतरे तक इस क्षेत्र का मान-सम्मान हमेशा ऊंचा रखने का काम करूंगा लेकिन कुछ लोग साजिश रचकर इस क्षेत्र को पीछे धकेलने का काम कर रहे हैं।

कैप्टन अभिमन्यु गुरुवार को गांव में बास मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर कैप्टन अभिमन्यु के जन्मदिन पर गांव बास चारों पंचायतों की तरफ से सरपंचों ने पगड़ी पहनाकर सम्मानित कियाऔर उन्हें किसान का प्रतीक हल भी भेंट किया।

### फणींद्र नाथ शर्मा भी पहुंचे

इस अवसर पर शिविर में सैंकड़ों युवाओं ने रक्तदान किया। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि बास में मार्केट कमेटी का चेयरमैन शमशेर मोर, वाइस चेयरमैन आजाद शर्मा नारनौंद मार्केट कमेटी का चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान और वाइस चेयरमैन बिजेंद्र शर्मा की छत्तीस बिरादरी के लोगों की मांग थी कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और अध्यक्ष मोहनलाल बडोली का अभिनंदन करेंगे। इस पावन भूमि पर हमारे संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा भी पहुंचे हैं, हम उनका भी स्वागत करते है।

**कैप्टन अभिमन्यु के जन्मदिन पर गांव बास की चारों पंचायतों के सरपंचों ने पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया**




**नारनौंद।** पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु का बड़ी फूलमाला पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता और उनको को जन्मदिन पर आशीर्वाद देती हुई महिलाएं।

### एक मां चली गई तो हजारों माताओं का हाथ मेरे सिर पर

इस अवसर पर कैप्टन अभिमन्यु ने भावुक होते हुए कहा कि अबकी बार जन्मदिन पर पहली बार ऐसा महसूस हुआ था कि माता-पिता के आशीर्वाद के बिना यह जन्मदिन मनाया जाएगा बड़ा मायूस था। जब गांव बास की धरा पर पहुंचे तो हजारों की संख्या में आगे बढ़कर माताओं ने जो सिर पर हाथ रखा तो लगा कि एक मां चली गई तो हजारों माताओं का हाथ मेरे सिर पर है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को मंदिर मानकर सेवा करने का काम किया है लेकिन कुछ लोग इलाके को बदनाम करने की कोशिश करने में लगे हुए। मैं सेवादार बनकर आपकी सेवा करता रहूंगा।

### विकास की गंगा बही

पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि हमारा हमारा क्षेत्र विकास के मामले में लंबे समय तक वंचित रहा था। वर्ष 2014 से 2019 तक विकास की गंगा बही और इसका पिछड़ापन दूर किया तो कुछ पार्टियों को रास नहीं आया। स्वास्थ्य की सुविधाओं के लिए हॉस्पिटलों का निर्माण किया गया था और आगे युवाओं को रोजगार देने के लिए इंडस्ट्री की बढ़ावा देना था लेकिन हमारे खिलाफ साजिश रचकर इस क्षेत्र को पीछे धकेलने का काम कर दिया।

**विकास की बजाय कर रहे नौटंकी:** कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि हलके की जनता ने जिसको जिम्मेदारी सौंपी है वो इलाके में विकास की बात न करके हर जगह नौटंकी करने का काम करता है। उसे धरातल पर आकर हलके का विकास करना चाहिए। अगर वह विकास करने में सक्षम नहीं है तो त्यागपत्र देकर दोबारा से मैदान में आए उनको अपनी औकात का पता चल जाएगा।

### पार्टी की मजबूत कड़ी : शर्मा

भाजपा के संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा ने कहा कि कैप्टन अभिमन्यु पार्टी की मजबूत कड़ी है। उसने बड़ी कुशलता से अनेक राज्यों में सह प्रभारी रहकर चुनाव जितवाने का काम किया था। उनकी मजबूती का आज भी लोहा माना जाता है। आज उनका जन्म दिवस भी है उनको ढेर सारी बधाई भगवान उनको लंबी उम्र दें।

**साजिश रचने वालों को बेनकाब करेंगे: मोर** कार्यक्रम के आयोजक बास मार्केट कमेटी के चेयरमैन शमशेर मोर ने कहा कि कैप्टन अभिमन्यु को मजबूत करने के लिए एक-एक कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत करके नारनौंद के गौरव को दोबारा लाने का काम करेगा। कुछ लोग उनको बदनाम करने की झूठी साजिश रचने का काम कर रहे हैं। उनको जल्द ही बेनकाब किया जाएगा।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर जिला प्रधान अशोक सैनी, जिला प्रभारी दीपक शर्मा, अजय सिंधु, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान, धर्मवीर रतेरिया, चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान, बिजेंद्र शर्मा, मंडल प्रधान कर्णपाल पेटवाड़, सोनू सैनी, महावीर श्योराण, पार्षद संजय खरब, सुनील बैरागी, नीलम जांगड़ा, एडवोकेट दीपक लोहान, अमित मोर आदि मौजूद रहे।

---

कोहरे का कहरः दृश्यता घटी हादसे बढ़े

# यमुनानगर में दो की मौत, नारनौल में पिकअप पलटने से 16 घायल

**नारनौल\यमुनानगर।** पिछले दो दिन से प्रदेश में कई स्थानों पर कोहरा छाया रहा, जिसके कारण दृश्यता कम हो गई। दृश्यता घटने के कारण हादसे बढ़ने लगे। अब कोहरा जानलेवा साबित होने लगा। यमुनानगर के गांव दामला के पास बीती रात आमने-सामने की टक्कर लगने से दो बाइक चालकों की मौत हो गई। वहीं नारनौल में नेशनल हाईवे 148–बी पर गांव नीरपुर के पास टायर फटने से पिकअप गाड़ी पलट गई, जिससे पिकअप में सवार करीब 16 लोग घायल हो गए। इधर फतेहाबाद, रतिया और टोहाना क्षेत्र में तीन सड़क हादसे हुए। जिनमें एक की जान चली गई।

### नारनौल हादसे में 10 महिलाएं और 6 पुरुष घायल



**नारनौल।** नेशनल हाईवे 148–बी पर गांव नीरपुर के पास टायर फटने से पिकअप गाड़ी पलट गई, जिससे पिकअप में सवार करीब 16 लोग घायल हो गए। इनमें 10 महिलाएं और 6 पुरुष शामिल हैं। यह सभी शोक व्यक्त करके लौट रहे थे। घायलों में से छह लोगों की गंभीर हालत के चलते निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि 10 लोग सरकारी अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। यह लोग राजस्थान के गांव श्योपुरा से निहालपुरा में शोक जताने गए थे। वहां से वापस लौटते वक्त हादसा हो गया। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है यह हादसा घने कोहरे के कारण हुआ है। हादस के समय मौके पर मौजूद लोग तुरंत उनकी मदद को दौड़ पड़े तथा पिकअप के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला।

- राजस्थान से शोक जताकर लौटते समय हादसा
- घायलों का निजी अस्पताल में चल रहा इलाज



### यमुनानगरः आमने सामने की टक्कर से बाइक चालकों की मौत

**यमुनानगर।** दामला के पास बीती रात आमने-सामने की टक्कर लगने से दो बाइक चालकों की मौत हो गई। गांव जगूड़ी निवासी सतपाल का भतीजा अंकित अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। बुधवार की रात को हादसे का शिकार हो गया। उधर, हादसे का शिकार हुए बिहार के जिला वैशाली निवासी धर्म तीन बच्चों का पिता था और प्लाइवुड फैक्ट्री में काम करता था।

### फतेहाबादः तीन हादसे कारें भिड़ी, एक की मौत



मृतक राकेश

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद, रतिया और टोहाना क्षेत्र में तीन हादसे हुए। हादसों में युवक की मौत हो गई। पहला हादसा रतिया में हुआ। यहां दो गाड़ियों के बीच टक्कर होने से व्यक्ति की जान चली गई। वहीं टोहाना में कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंबे से जा टकराई। तीसरे हादसे में फतेहाबाद में रोडवेज बस ने स्कूटी में टक्कर दे मारी जिससे महिला घायल हो गई। रतिया के 37 वर्षीय राकेश मेहता की कार गांव हमजापुर के पास पहुंचे सामने से आ रही गाड़ी से टकरागई। जिसमें मेहता की मौके पर ही मौत हो गई।

# हरियाणा विधानसभा में पंजाब सरकार की पॉलिसी की गूंजः अनुराग ढांडा

हरिभूमिम न्यूज ▶▶ चंडीगढ़



- हरियाणा की भाजपा सरकार किसानों को राहत देने के बजाय बहाना बनाकर उनसे मुंह मोड़ रही है

आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने गुरुवार को हरियाणा विधानसभा में बाढ़ से प्रभावित किसानों के मुद्दे पर भाजपा सरकार के रवैये की आलोचना करते हुए कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार किसानों को राहत देने के बजाय नियम-कानून का बहाना बनाकर उनसे मुंह मोड़ रही है। जमीनी हकीकत यह है कि हालिया बाढ़ ने किसानों की कमर तोड़ दी है, खेतों में भारी मात्रा में रेत जमा हो गई है और पूरी फसल तबाह हो चुकी है।

ढांडा ने कहा कि जब पंजाब सरकार ने मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में 'जिसका खेत, उसकी रेत' जैसी दूरदर्शी और किसान हितैषी नीति लागू की है, तो हरियाणा की भाजपा सरकार क्यों हाथ पर हाथ धरे बैठी है। पंजाब में बाढ़ से खेतों में जमी रेत को किसान की संपत्ति मानते हुए उसे निकालने और बेचने की छूट दी गई है, जिससे किसान न केवल अपने खेत साफ कर पा रहे हैं, बल्कि अतिरिक्त आमदनी भी कमा रहे हैं।

### भागना भाजपा की पुरानी आदत

ढांडा ने कहा कि पंजाब सरकार की नीति से किसानों को राहत मिली है, वहीं दूसरी तरफ रेत की कीमतों में 30- 35 प्रतिशत तक की कमी आई है, अवैध खनन पर लगाम लगी है और खेती योग्य जमीन को तेजी से दोबारा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार किसानों की दुर्दशा पर संवेदना जताने के बजाय यह साबित करने में लगी है कि वह कुछ नहीं कर सकती। नियमों का हवाला देकर राहत से भागना भाजपा की पुरानी आदत है। अगर पंजाब सरकार समाधान निकाल सकती है, तो हरियाणा सरकार क्यों नहीं? क्या हरियाणा के किसान भाजपा सरकार के लिए दूसरे दर्जे के नागरिक हैं?

---

**खबर संक्षेप**

### अनियंत्रित होकर ओवरलोड ट्राला पलटा

**निजामपुर।** बिगोपुर क्रशर जोन से रोड़ी भरकर दिल्ली रवाना हुआ एक ओवरलोड ट्राला धोलेड़ा बाइपास पर पलट गया। हादसे में चालक और परिचालक को सकुशल बाहर निकाल लिया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका निरीक्षण किया तथा सड़क मार्ग को बहाल कराया है।बिगोपुर क्रशर जोन की रोड़ी दिल्ली, गुरुग्राम तथा फरीदाबाद सप्लाई होती हैं। मेघोबींजा सड़क मार्ग का निर्माण होने के कारण अधिकांश डंपर तथा ट्राले धोलेड़ा बाइपास से होकर निकलते हैं। वीरवार की अल सुबह ट्राला बिगोपुर मोड़ पर पहुंचा था इसी दौरान सामने से खाली डंपर आ गया। जिसकी तेज स्पीड को भांपकर ट्राला चालक घबरा गया जिससे ट्राला अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे गड्ढे में पलट गया। हादसे के कारण करीब एक घंटे तक सड़क मार्ग बाधित रहा है।

मासूम की हत्या से डबवाली में उबाल, ग्रामीण धरने पर बैठे

# गोरीवाला के बाजार बंद रहे, आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग, शव लेने से इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

उपमंडल के गांव रामपुरा बिश्नोइयां में चार साल की बच्ची के अपहरण के बाद हत्या किए जाने के मामले में परिजनों ने शव लेने से इंकार कर दिया है। परिजन ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठे हैं और घटना में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। घटना के विरोधस्वरुप गुरुवार को निकटर्ती कस्बा गांव गोरीवाला का बाजार पूरी तरह बंद रहा। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने डबवाली के एसपी व एसडीएम को रिपोर्ट सौंप दी है। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण धरने पर बैठे हुए हैं और पुलिस व स्थानीय प्रशासन परिजनों व ग्रामीणों को शव का अंतिम संस्कार करने के लिए मनाने में जुटा हुआ है।

### प्रशासन मनाने में जुटा, गांव की नाकाबंदी



पुलिस ने गांव रामपुरा बिश्नोइयां सहित आसपास के गांवों में भी नाकाबंदी कर पुलिस तैनात कर दी है। उल्लेखनीय है कि बीते मंगलवार देर शाम को बच्ची का पड़ोस में रहने वाले परिवार के घर आए रिश्तेदार ने अपहरण कर लिया और बुधवार सुबह शव गांव की छोटी माइनर में मिला। रातभर पुलिस आरोपियों की तलाश करती रही। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो पड़ोसी के घर आया संजय नामक व्यक्ति एक अन्य के साथ बच्ची को मोटरसाइकिल पर ले जाता हुआ दिखा। फुटेज के आधार पर पुलिस ने संजय को गिरफ्तार कर लिया। पहले वह पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन सख्ती के बाद उसने पूरी कहानी पुलिस के समक्ष उगली। ग्रामीणों व परिजनों की मांग है कि जब तक इस मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता तब तक वे शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। उधर, ग्रामीणों के धरने में गुरुवार को जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय चौटाला भी पहुंचे और घटना की कड़ी निंदा कर सरकार को दोषी बताया।

## नशीली गोलियां सप्लाई करने वाला आरोपी काबू




**कैथल।** 128 नशीली टेबलेट सप्लाई करने के मामले की जांच सीआईए-1 पुलिस के एएसआई रघुबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जिला जींद के गांव डाहोला निवासी राजेश कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 15 दिसंबर को सीआईए-1 के एएसआई कमलजीत सिंह की टीम द्वारा गांव दुन्धरेहड़ी निवासी रामफल को देवीगढ़ रोड स्थित एक दुकान के सामने से काबू किया गया था। जिनके कब्जे से प्रतिबंधित 128 नशीली गोलियां बरामद हुई थी। जिस बारे थाना सिविल लाइन में दर्ज मामले की आगामी जांच एएसआई रघुबीर सिंह द्वारा अमल में लाई गई। आरोपी रामफल को पुलिस रिमांड पर लिया गया था। जिसने पूछताछ दौरान बताया कि उसको उक्त नशीली गोलियां आरोपी राजेश ने सप्लाई की थी। आरोपी राजेश के कब्जे से 500 रुपए ड्रग मनी बरामद की गई। दोनो आरोपी अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।

### लोहे की रॉड से छात्र पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** मोबाइल फोन के लेन-देन को लेकर दोस्तों के बीच हुआ आपसी विवाद में एक छात्र को लोहे की रॉड से जानलेवा हमला करने के मामले की जांच थाना सिविल लाइन के एसआई राजेश कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव हरिपुरा निवासी अभिषेक उर्फ अभि को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव शामदो जिला जींद निवासी रमेश कुमार की शिकायत अनुसार भतीजा हरीश सरकारी आईटीआई कैथल का छात्र है। गांव हरिपुरा निवासी अभिषेक व उसका भतीजा हरीश आपस में दोस्त हैं। लेकिन 6 नवंबर को आईटीआई में दोनों के बीच मोबाइल फोन के लेन-देन को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। जिसके बाद आरोपी अभिषेक ने कक्षा के अंदर घुसकर लोहे की रॉड से हरिश के सिर पर कई वार किए। हमले में हरिश के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद अध्यापकों ने बीच-बचाव कर घायल छात्र को बचाया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल छात्र को तुरंत सिविल अस्पताल कैथल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया।

### युवक से मोबाइल छीनकर खाते से हजारों रुपये निकाले

**बहादुरगढ़।** उत्तर प्रदेश मूल के एक युवक के साथ बहादुरगढ़ इलाके में ठगी की वारदात हो गई। बाइक सवार दो युवकों ने उसे घेरकर मोबाइल छीन लिया और जान से मारने की धमकी देकर फोन तथा यूपीआई एप के पासवर्ड पूछे। इसके बाद खाते से 77 हजार 980 रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात यूपी के ओरैया क्षेत्र के निवासी मंजेश के साथ हुई है। मंजेश यहां सांखोल में रहता है। मंजेश का कहना है कि गत 12 दिसंबर की शाम को वह अपने कमरे में जा रहा था। वह फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान पल्सर बाइक पर सवार दो युवक उसके पास आए। आते ही उन्होंने रास्ता घेरकर उसे पकड़ लिया। बाइक से उतरकर दोनों ने धमकी देकर मोबाइल छीना। इतना ही नहीं, जोर जबरदस्ती कर मोबाइल स्क्रीन लोक तथा यूपीआई एप्लीकेशंस आदि के पासवर्ड पूछ लिए। इसके बाद कहा किसी को बताया तो जान से मार देंगे। फिर बाइक पर सवार होकर चंपत हो गए। गत 14 दिसंबर को उसने अपना बैंक खाता चेक किया तो 77 हजार 980 रुपये गायब मिले। उसने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस वारदात स्थल के आसपास सीसीटीवी चेक कर रही है। रुपये कहां से और किस तरह से निकाले या ट्रांसफर किए गए हैं, इसका भी पता लगाया जा रहा है। जल्द ही वारदात सुलझाने की बात कही जा रही है।

---

**उपलब्धि** वैज्ञानिकों ने किया 'हिसार गौरव 2.0' को सार्वजनिक, श्वेत क्रांति को मिलेगी मजबूती

दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और उन्नत नस्लों के विकास में भी मददगार साबित होगी

# बड़ी सफलता : भैंस संस्थान में 'हिसार गौरव 2.0' क्लोन कटड़े का हुआ जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान (सीआईआरबी) के वैज्ञानिकों को बड़ी सफलता मिली है। भैंस अनुसंधान संस्थान में 'हिसार गौरव 2.0' नाम के क्लोन कटड़े का जन्म हुआ। भैंस अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने गुरुवार को पहली बार इस कटड़े को सार्वजनिक रूप से दिखाया।

वैज्ञानिकों के अनुसार यह बछड़ा प्रोजेनी टेस्टेड टॉप रैंक वाले झोटे (पशु संख्या 4354) की कोशिकाओं से तैयार किया गया है। यह उपलब्धि वैज्ञानिक रूप से अहम होने के साथ-साथ देश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और उन्नत नस्लों के विकास में भी मददगार साबित होगी। इसे भारतीय श्वेत क्रांति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



### पहला क्लोन झोटा दे चुका 25 हजार सीमन

संस्थान के निदेशक डॉ. यशपाल शर्मा ने बताया कि इसी डोनर झोटे की कोशिकाओं से 2015 में पहला क्लोन 'हिसार गौरव' तैयार किया गया था। वह आज भी स्वस्थ है और उच्च गुणवत्ता का सीमन दे रहा है। अब तक इसके जरिए 25 हजार से अधिक सीमन डोज तैयार की जा चुकी हैं, जिनसे देश के विभिन्न हिस्सों में लगभग 600 कटड़े-कटड़ियां सफलतापूर्वक पैदा हुए हैं।



### हिसार गौरव इसी कोशिकाओं से बना : डॉ. धर्मेंद्र

परियोजना के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि 'हिसार गौरव 2.0' भी उसी झोटे की कोशिकाओं से विकसित हुआ है। उन्होंने इसके लिए पेरेंटेज की वैज्ञानिक पुष्टि करवाई, जिससे क्लोन की जैविक सटीकता और विश्वसनीयता प्रमाणित हुई। डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने बताया इस क्लोन से तैयार उच्च गुणवत्ता का सीमन किसानों तक पहुंचाया जा सकता है। जिससे दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### इनका रहा योगदान

इस परियोजना में डॉ. पीएस यादव, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. मीति पुनेठा, डॉ. राकेश शर्मा, डॉ. प्रिया दहिया, मनु मांगल और डॉ. प्रदीप कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संस्थान में आयोजित पंचवर्षीय समीक्षा बैठक (क्यूआरटी) के दौरान चेयरमैन डॉ. होन्नप्पागोल, जो कर्नाटक पशु चिकित्सा, पशु एवं मत्स्य विज्ञान विश्वविद्यालय, बीदर के पूर्व कुलपति रह चुके हैं और भारत सरकार में पशुपालन आयुक्त के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं, ने नवजात क्लोन बछड़े को देखा और वैज्ञानिक टीम के काम की खुलकर प्रशंसा की।

## क्रिप्टो करंसी में निवेश करने का झांसा देकर महिला ने 25 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



- आरोपी ने व्यक्ति से पहले की फेसबुक पर दोस्ती और फिर बनाया ठगी का शिकार

फेसबुक पर दोस्ती करके एक महिला ने व्यक्ति से क्रिप्टो करंसी में निवेश करने का झांसा देकर 25 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर आरोपी महिला के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

जानकारी के मुताबिक जगाधरी के हुड्डा सेक्टर निवासी महेंद्र तनेजा ने साइबर क्राइम पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 30 नवंबर को उसके फेसबुक अकाउंट पर इशिता अग्रवाल नाम की महिला की फ्रेंड रिकवेस्ट आई। इस दौरान उसने फ्रेंड रिकवेस्ट को रिसीव कर लिया। महिला ने खुद को राजस्थान के जयपुर के वैशाली नगर की रहने वाली बताया। इसके बाद आरोपी महिला उससे बात करने लगी। आरोपी महिला ने बताया कि वह क्रिप्टो करंसी में निवेश करवाने का काम करती है। यदि वह क्रिप्टो करंसी में निवेश करते हैं तो उसको काफी लाभ होगा। उस समय वह आरोपी की बातों में आ गया। इस दौरान उसने आरोपी महिला द्वारा बताए अकाउंट में अलग अलग समय पर ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपी महिला ने उसे प्रॉफिट के पैसे नहीं दिए। जब उसने आरोपी से पैसे मांगे तो उसने उसे बातों में उलझा कर पैसे नहीं दिए। इसके बाद आरोपी महिला ने फोन पर उससे बातचीत करना बंद कर दिया। जिससे उसे पता चला कि उससे महिला ने ठगी की है। उसने तुरंत मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी।

## बीसीजीएक्स और फिक्की की जारी रिपोर्ट में कहा गया

# एमएसएमई में एआई से 500 अरब डॉलर से अधिक का आर्थिक मूल्य सृजित होने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के 6.4 करोड़ सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) में केवल कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाने से ही 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का आर्थिक मूल्य सृजित हो सकता है। हालांकि, इस क्षमता को साकार करने के लिए देश को ''पहले अपनाओ'' की मानसिकता से हटकर ''पहले आविष्कार करो'' की सोच अपनानी होगी। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

'इंडिया ट्रिपल एआई इम्पेरेटिवः सक्सीडिंग विद एआई इन इंडिया' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजीएक्स) और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा जारी की गई। रिपोर्ट में कहा गया कि भले ही भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते एआई बाजारों में से एक है लेकिन गहन नवाचार एवं वास्तविक मूल्य प्राप्ति के मामले में अब भी बड़ी खामियां मौजूद हैं।

**भारत के 6.4 करोड़ एमएसएमई एआई अपनाने से सृजित होगी 500 अरब डॉलर** → **क्षमता को साकार करने पहले अपनाओ की मानसिकता से हटना होगा** → **एमएसएमई को पहले आविष्कार करो की मानसिकता अपना होगा**

### 25 फीसदी अधिकारी ही एआई से वास्तविक मूल्य पा रहे

*इसमें कहा गया कि कंपनियों की ओर से एक आम गलती यह है कि वे एआई को केवल सूक्ष्म समस्याओं के समाधान तक सीमित रखते हैं, बजाय इसके कि वे कार्यात्मक रूपांतरण की ओर बढ़ें। फिलहाल केवल 25 प्रतिशत अधिकारी ही एआई से ''वास्तविक मूल्य'' प्राप्त कर पा रहे हैं।*




### एआई में अवसर बड़े पैमाने में नहीं

*अध्ययन में केवल छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी को लागू करने के बजाय ''एआई-प्रथम'' व्यवसायों के निर्माण की दिशा में बदलाव का आग्रह किया गया है। फिक्की की महानिदेशक ज्योति विज ने कहा, भारत के लिए एआई में अवसर केवल बड़े पैमाने में नहीं बल्कि समावेश में निहित है।*

### एआई के लिए तैयारियों में भारत चौथे स्थान पर

यह भी सामने आया कि डिजिटल अवसंरचना की कमी, जागरूकता का अभाव और कुशल प्रतिभाओं तक सीमित पहुंच जैसी बाधाएं इस क्षेत्र में अब भी बनी हुई हैं। इसमें कहा गया कि एआई के लिए तैयारियों के मामले में भारत वैश्विक स्तर पर शीर्ष चार में आता है, लेकिन वैश्विक एआई पेटेंट में उसका योगदान फिलहाल एक प्रतिशत से भी कम है।

*परिचालन मॉडल में बदलाव का अनुमान : बीसीजी के प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ भागीदार निपुण कालरा ने कहा, '' वास्तविक मूल्य एआई-प्रथम व्यवसायों के निर्माण, गहन नवाचार को बढ़ावा देने और समावेशी पहुंच सुनिश्चित करने से ही आएगा।*

### गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजित हो सकता है

*एमएसएमई, स्टार्टअप और क्षेत्रीय परिवेश में एआई अपनाने को समर्थन देकर देश उत्पादकता बढ़ा सकता है, गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजित कर सकता है और दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक मजबूती को बढ़ावा दे सकता है। रिपोर्ट में रुचि और निवेश के बीच अंतर का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि करीब 44 प्रतिशत अधिकारी अब भी अपने प्रौद्योगिकी बजट का 10 प्रतिशत से कम एआई में निवेश करते हैं।*

### भारत के 6.4 करोड़ एमएसएमई में अप्रयुक्त अवसर

*बीसीजीएक्स, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की प्रौद्योगिकी निर्माण, डिजाइन एवं नवाचार इकाई है। रिपोर्ट में कहा गया, भारत के 6.4 करोड़ एमएसएमई में कई अप्रयुक्त अवसर मौजूद हैं। इस क्षेत्र में एआई अपनाने से उत्पादकता में वृद्धि, लागत में कमी और ऋण तक बेहतर पहुंच के माध्यम से 500 अरब डॉलर से अधिक का आर्थिक मूल्य सृजित हो सकता है।''*

## एआई युग के लिए तैयार होंगे छात्र, केआर मंगलम यूनिवर्सिटी की दूरदर्शी पहल

**गुरुग्राम।** बदलते समय और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए केआर मंगलम यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के क्षेत्र में एक दूरदर्शी पहल की शुरुआत की है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को केवल शैक्षणिक रूप से ही नहीं, बल्कि भविष्य के कौशलों से भी सशक्त बनाना है, ताकि वे तेजी से बदलते जॉब मार्केट में खुद को बेहतर ढंग से स्थापित कर सकें। इस पहल के तहत विश्वविद्यालय ने एआई के प्रभावी, जिम्मेदार और नैतिक उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष एआई कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी की अध्यक्षता डॉ. श्रवण कुमार, डीन, स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स कर रहे हैं। कमेटी में डॉ. रुपेंद्र प्रताप सिंह हाड़ा (SOET) और डॉ. मीनू (SOET) सदस्य हैं, जबकि श्री सिद्धार्थ सुधाकर, श्री अनूप, श्री विवेकानंद विवेक और श्री मदन रामचंद्र को बाह्य विशेषज्ञ के रूप में शामिल किया गया है। साथ ही विश्वविद्यालय ने नॉन-टेक्निकल पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए एआई फ्लुएंसी कोर्स शुरू किया है, जिससे छात्र एआई की बुनियादी समझ और उसके व्यावहारिक उपयोग से परिचित हो सकें। इस मौके पर प्रो-चांसलर श्री अभिषेक गुप्ता ने कहा कि एआई शिक्षा का अहम हिस्सा बन चुका है और यह पहल छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करेगी। डायरेक्टर एवं प्रमोटर श्री रोहित गुप्ता ने कहा कि एआई फ्लुएंसी कोर्स छात्रों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप सक्षम बनाएगा।

**सूचना**

मैं, टेकराम पुत्र पृथी पुत्र जागर निवासी गांव धनाना अहलादादपुर तह. गोहाना जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सतीश मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। मेरे पुत्र सतीश से मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नही है।

**जाहिर नोटीस**

नि.13/D ॲड. सुरेश एम. वाघ
38, वैभवनगर, जमनागिरी रोड, धुळे मो. 9823134161
धुळे येथील मे मोटर अपघात न्यायाधिकरण साहेब यांचे कोर्टात
मो. अॅ क्लेम नं. 265/23
रईसाबी हनिफशाह फकीर वगैरे ...अर्जदार
विरुध्द
साबीरशेख खुर्शीद मलाई ...सामनेवाला
वय-सज्ञान, धंदा ट्रक ड्रायव्हर / मालक
HR-38/AC-1987
रा. घर नं. 989/B, गली नं. 9, ग्राम-बडखल.
फरिदाबाद FARIDABAD-121001

ज्याअर्थी वरील अर्जदार यांनी या न्यायालयाकडे आपले विरुध्द दि 13/03/23 रोजी अपघात झाला. सदर अपघाताची नुकसान भरपाई मिळणेसाठी अर्जदार यांनी वरील क्लेम अर्ज दाखल केलेला आहे. परंतु सामनेवाले नं. 01 हेतूपुरस्सरपणे नोटीसीची बजावणी स्वत:वर होवु देत नाही व नोटीस घेण्यास टाळाटाळ करीत आहेत.

त्याअर्थी या नोटीसीद्वारे सामनेवाला नं. 01 यांना कळविण्यांत येते की, आपण स्वत: अथवा निर्दीष्ट केलेले वकिलांमार्फत दिनांक 13/01/2026 रोजी सकाळी ११ वाजता उपरोक्त न्यायालयात हजर रहावे. तसे न केल्यास आपले विरुध्द एकतर्फी हुकूम लावण्यांत येईल.

आज दिनांक 26/11/2025 रोजी आपल्या सही निशी व न्यायालयाच्या शिक्क्यानिशी प्रसिध्दीस दिले असे.

आदेशावरुन
कामगिरी कारकुन (कोर्टाचा शिक्का) अधिक्षक जिल्हा न्यायालय, धुळे

### लैपटॉप आयात मंजूरी के लिए 22 से आवेदन शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट एवं पर्सनल कंप्यूटर जैसे आईटी हार्डवेयर के आयात को नियंत्रित करने के लिए नयी आयात प्रबंधन व्यवस्था लागू कर दी है। डीजीएफटी ने एक परिपत्र में कहा कि आयातक 22 दिसंबर 2025 से 15 दिसंबर 2026 तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आईटी हार्डवेयर के आयात के लिए अनुमति ले सकेंगे।

**सूचना**

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इसराना के घोषित जर्जर हॉल (58 x 35 फीट) को तोड़ने एवं मलबे की नीलामी 26 दिसम्बर, 2025 को महाविद्यालय के प्रागंण में प्रातः 10:00 बजे करवाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता किसी भी कार्य दिवस पर आकर जर्जर हाल का निरीक्षण कर सकते हैं। सिक्योरिटी राशि 20,000/- रुपये बोली के समय कैश/डी.डी. के माध्यम से जमा करवानी होगी। नियम व शर्तें महाविद्यालय की वेबसाईट www.gcisrana.ac.in पर भी उपलब्ध है।

हस्ता/-राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय इसराना, पानीपत (मो. +911802598550)

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी रोहतक | एचएसवीपी सोनीपत (आईडीसी) के विभिन्न सेक्टरों में प्लॉट्स के मेन गेट क्षेत्र से एलटी/एचटी पोल्स, लाइंस और ट्रांसफॉर्मर्स की दूर शिफ्टिंग (जीएसटी को छोड़कर) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 29.12.2025 | रु.31,27,202/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416191870 xenelectrik@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41284/I/88/6 दि. 18.12.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक की सीमाओं में नाला की मरम्मत, गाद निकालने के लिए दर अनुबंध। (पुनः आमंत्रण)। | 17.12.2025 24.12.2025 | रु. 94.00 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41285/I/88/6 दि. 18.12.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन एचवीपीएन, पिपली में टीएल स्टाफ कार्यालय की अस्थाई बैठने की व्यवस्था के निर्माण हेतु कार्य का निष्पादन। | 17.12.2025 26.12.2025 | रु.1,41,388/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन, एचवीपीएनएल सांपला में हाई-डेफिनेशन आईपी सीसीटीवी कैमरा सिस्टम का प्रावधान व फिक्सिंग। | 17.12.2025 29.12.2025 | रु.4,65,650/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41295/I/88/6 दि. 18.12.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | प्रावधान व फिक्सिंग :- (I) फ्लड बबलर सहित मातू राम रोड के साथ-साथ एल शेप के लिए सिंचाई प्रणाली हैं। (II) एमडीयू, रोहतक में प्रशासनिक खण्ड क्षेत्र के लिए स्वचालित सिंचाई प्रणाली। | 17.12.2025 05.01.2026 | रु. 12.39 लाख | https://mdu.ac.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/41294/I/88/6 दि. 18.12.25

### ग्रामीण बैंकों के लिए एक नया प्रतीक चिन्ह जारी


**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के लिए एक नया प्रतीक चिन्ह बृहस्पतिवार को जारी किया। वित्तमंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग ने 'एक राज्य एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक' के सिद्धांत पर, 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) का एकीकरण किया है, जो एक मई 2025 से प्रभावी हो गया। यह सुधार अधिक सशक्त एवं कुशल आरआरबी के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान में 28 आरआरबी 700 से अधिक जिलों में 22,000 से अधिक शाखाओं के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## चौथे दिन बाजार में गिरावट सेंसेक्स 78 अंक फिसला

■ अमेरिकी व्यापार समझौते में अनिश्चितता को लेकर नरम रुख



एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे दिन गिरावट आई। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और वैश्विक बाजारों में नरम रुख से सेंसेक्स 78 अंक के मामूली नुकसान में रहा जबकि निफ्टी स्थिर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 77.84 अंक टूटकर 84,481.81 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 84,780.19 अंक के ऊपरी और 84,238.43 अंक के निचले स्तर तक भी गया। निफ्टी तीन अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 25,815.55 अंक पर स्थिर रहा। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में सन फार्मा, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से नुकसान में रहें। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक और एचसीएल टेक शामिल हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /''वैश्विक संकेतों और रुपये से जुड़ी चिंताओं का निवेशक धारणा पर असर बना रहा। इसकी वजह से कारोबारियों ने सतर्कता बरती। विदेशी संस्थागत निवेशक कई दिनों बाद बने खरीदार शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) कई दिनों के बाद खरीदार बने।

### आरबीआई के हस्तक्षेप से रुपए में आई तेजी

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''शेयर बाजार में शुरुआती बढ़त का कारण निचले मूल्य पर खरीदारी और केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप से रुपये में आई मजबूती थी। हालांकि, अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर बनी अनिश्चितता ने बाजार धारणा को कमजोर किया और मुनाफावसूली देखने को मिली।



## चांदी 1,800 रुपये चढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर

■ चांदी उछलकर 2 .07 लाख रुपए प्रति किलो
■ सोना 1,36,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चांदी बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में 1,800 रुपये उछलकर 2,07,600 रुपये प्रति किलोग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। इसका कारण कारोबारियों की निरंतर खरीदारी है। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। चांदी बुधवार को 7,300 रुपये उछलकर पहली बार दो लाख रुपये प्रति किलोग्राम को पार कर 2,05,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस वृद्धि के साथ, चांदी की कीमत इस साल एक जनवरी को दर्ज की गई 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,17,100 रुपये किलो यानी 129.4 प्रतिशत बढ़ चुकी है। सराफा संघ के अनुसार, स्थानीय सराफा बाजार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,36,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहा। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 13.16 डॉलर यानी 0.31 प्रतिशत घटकर 4,325.02 डॉलर प्रति औंस रह गया। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक जिगर त्रिवेदी ने कहा, ''सोना बृहस्पतिवार को लगभग 4,330 डॉलर प्रति औंस तक गिर गया, लेकिन अक्टूबर में पहुंचे रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब बना रहा। इसका कारण अमेरिकी दर में कटौती की उम्मीदों और चल रहे भू-राजनीतिक जोखिमों से सोने को समर्थन मिलना है। इस बीच, बाजार की धारणा फेडरल रिजर्व के गवर्नर क्रिस्टोफर वालर की टिप्पणियों से प्रभावित हुई। उन्होंने बुधवार को अतिरिक्त ब्याज दर में कटौती का समर्थन किया, जबकि यह भी कहा कि नीति निर्माता सावधानी से आगे बढ़ सकते हैं। उनकी टिप्पणियां अमेरिकी श्रम डेटा के बाद आईं, जो आगे नरमी का संकेत दे रहा था।

*बेरोजगारी दर चार साल के उच्च स्तर पर : इसमें बेरोजगारी दर चार साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई और नवंबर में नौकरियों में वृद्धि अक्टूबर में देखी गई नरमी की भरपाई करने में विफल रही। विदेशी बाजारों में हाजिर चांदी 0.25 प्रतिशत घटकर 66.04 डॉलर प्रति औंस रह गई।*

### चांदी सालाना आधार पर 130 प्रतिशत चढ़ी

मौजूदा वर्ष में, चांदी की कीमतें दो जनवरी, 2025 को दर्ज किए गए 29.56 डॉलर प्रति औंस से 37.32 डॉलर यानी 126.3 प्रतिशत बढ़ी हैं। रिलायंस सिक्योरिटीज के जिगर त्रिवेदी ने कहा, ''इस साल चांदी सालाना आधार पर लगभग 130 प्रतिशत चढ़ी है। उसे कम होते भंडार और मजबूत खुदरा और औद्योगिक मांग, खासकर तेजी से बढ़ते सौर, इलेक्ट्रिक वाहन और डेटा सेंटर सेक्टर से भी समर्थन मिला है।''

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन:** मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

### रुपया 12 पैसे मजबूत होकर 90.26 प्रति डॉलर पर बंद

**नई दिल्ली।** रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 12 पैसे मजबूत होकर 90.26 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप से विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की व्यापक मजबूती के बावजूद घरेलू मुद्रा को बढ़त में रहा। कारोबारियों ने बताया कि ब्रेंट क्रूड की कीमत 59 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास बनी रहने से घरेलू मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन मिला। हालांकि, डॉलर सूचकांक में सुधार और घरेलू बाजारों की कमजोरी ने तेज बढ़त को सीमित कर दिया।

## एआई से दफ्तरों में काम करने वालों की नौकरियों पर असर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने बृहस्पतिवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) से कार्योलयों में काम करने वालों की नौकरियों को सबसे अधिक खतरा है। उद्योग मंडल फिक्की के 'एआई इंडिया' सम्मेलन में कृष्णन ने कहा कि चूंकि एआई अब सीधे तौर पर सोच-विचार कर किए जाने वाले और विश्लेषण से जुड़े कार्यों को चुनौती दे रहा है, इसलिए कार्योलयों में काम करने वाली कर्मचारियों की नौकरी पर सबसे अधिक खतरा मंडरा रहा है। यह मुख्य रूप से कौशल विकास, उन्नत कौशल विकास और प्रतिभा विकास के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने कहा, ' यह एक ऐसा कार्य है जो हम सभी के लिए समान है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 10, एम.सी. रोहतक में सनसिटी से गोरखनाथ कॉलोनी तक राजस्व रास्ता पर आईपीबी टाइल का निर्माण। | 17.12.2025 24.12.2025 | रु.1,87,19,590/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41296/I/88/6 दि. 18.12.25

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खंड बवानी खेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बलियाली में सफाई कर्मचारी की मृत्यु उपरांत सफाई कर्मचारी का पद रिक्त है। सरकार की हिदायतानुसार इसे भरा जाना है। आवेदन खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय बवानी खेड़ा में दिनांक 25.12.2025 तक जमा करवा सकते हैं। जिनकी शर्तों निम्न प्रकार से हैं-

| क. सं. | खंड का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | दस्तावेज | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बवानी खेड़ा | बलियाली | साधारण कागज पर प्रार्थना पत्र, अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र मूल निवासी प्रमाण पत्र, शारीरिकक रूप से कार्य करने में समर्थ, आयु 18 वर्ष से 55 वर्ष, आवेदनकर्ता उसी गांव का निवासी हो, 02 पासपोर्ट साईज फोटो। | दिनांक 25.12.2025 तक प्रार्थी अपना आवेदन पत्र पूर्ण दस्तावेजों सहित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय बवानी खेड़ा में स्वयं उपस्थित होकर जमा करवा सकता है। दिनांक 25.12.2025 के पश्चात कोई भी आवेदन पत्र नहीं लिया जाएगा। |

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, बवानी खेडा जिला भिवानी।
सरपंच एवं ग्राम सचिव ग्राम पंचायत बलियाली खंड बवानी खेड़ा।

## शब्द पहेली - 6082




**बाएँसेदाए±**
1. कार्य, काम-2
2. अग्नि, अनल-2
3. संग, संगत-2
4. मदिरा, शराब-2
6. चुटीली बात-2
7. उम्मीद-2
8. समाचार, सूचना-3
9. भगवान कृष्ण के खेल-2
10. छाया, परछाई-2
11. कहासुनी-3
12. जी, चित-2
13. निशा-2
14. पासों का खेल-3
16. करीना की फिल्म-2
17. आगे वाला-3
18. सीधा, सरल-2
19. वीर, बहादुर-2
20. दलदल, गाद-3
21. तांत, टेलीग्राम -2
22. वंश, खानदान-2
23. नशा, नशापानी-3
24. चिट्ठी, पत्र-2
26. सही का विलोम-3
27. ठिकाना-2
28. प्राण, दम-2
29. नरक (उर्दू-3)
30. बीता हुआ दिन-2
31. पोखर, तालाब-2
32. हताहत-3
33. दर, मूल्य-2
34. आयु-2
36. अंधकार-2
37. पांव, पैर-2
38. कान्हा-2
39. टैक्स, हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1. समय, वक्त-2
2. आगमन-2
3. पति की मां-2
4. भोर, सवेरा-3
5. झगड़ा-2
6. लॉक, द्वारयंत्र-2
7. धाय, नर्स, दाई-2
8. अवरोध, रुकावट-3
9. मगन, मग्न-2
10. सप्त, सप्तम-2
11. लक्ष्मी, रमा-3
12. मौज, मजा-2
13. महाराजा-2
14. घिसन, रगस-3
15. गमन, जाना-2
16. पुनः, वापस-2
17. स्थिर-3
18. निष्कर्ष-2
19. कांटा-2
20. मूल्य, दाम-3
21. पितामह-2
22. मजदूर-2
23. ईश्वर-3
24. भूल, गलती-2
25. मछली-2
26. नगमा-3
27. क्षण-2
28. पाश-2
29. दूसरा-3
30. थोड़ा-2
31. तांबा-2
32. हमला-2
33. कलंक-2
34. गरम-2
35. मयूर-2

### शब्द पहेली -6081 का हल





राज्यसभा में 'शांति' बिल पर चर्चा में छाई अशांति

# परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी की अनुमति ऐतिहासिकः मंत्री जितेंद्र
# सरकार नागरिकों की सुरक्षा के साथ कर रही खिलवाड़ः सागरिका




जितेंद्र सिंह ने कहा कि जब 2014 में राजग सरकार सत्ता में आई थी, तब परमाणु ऊर्जा क्षमता केवल 4.7 गीगावाट थी, जो अब बढ़कर 8.9 गीगावाट हो गई है। यह क्षमता कुल आवश्यक बिजली उत्पादन का मात्र 3 प्रतिशत है और इसे 2047 तक कम से कम 10 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए इस बजट में एक परमाणु ऊर्जा मिशन शुरू किया गया है

- परमाणु विधेयक में सुरक्षा तंत्र से कोई समझौता नहीं होगा
- विपक्ष ने विधेयक को प्रवर समिति में भेजने की मांग की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी की अनुमति देने संबंधी विधेयक को 'ऐतिहासिक' करार देते हुए परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को कहा कि इसमें सुरक्षा तंत्र से कोई समझौता नहीं होगा। सिंह ने 'भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025' को उच्च सदन में चर्चा करने एवं पारित कराने के लिए पेश करते हुए कहा कि आने वाले समय में यह मील का पत्थर साबित होगा। यह विधेयक विकसित भारत बनाने में मददगार होगा।। उन्होंने बताया कि इस विधेयक में नियामक बोर्ड को भी शामिल किया गया है और उसे वैधानिक दर्जा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सुरक्षा (तंत्र) के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। यह विधेयक बुधवार को लोकसभा में पारित हो चुका है। वहीं, विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों ने नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025 का विरोध करते हुए इसे व्यापक विचार-विमर्श के लिए प्रवर या स्थायी समिति में भेजने की मांग की। तृणमूल कांग्रेस सांसद सागरिका घोष ने भी इसके प्रावधानों को घातक बताते हुए कहा कि सरकार नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि भले ही इसे शांति बिल बताया जा रहा है लेकिन इससे कई खतरे पैदा होने की आशंका है।




राज्यसभा में चर्चा करते केंद्रीय परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह

## परमाणु ऊर्जा से कई क्षेत्रों को लाभ

जितेंद्र सिंह ने कहा कि दुनिया स्वच्छ ऊर्जा की तरफ बढ़ गयी है तथा बढ़ती ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने और 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए यह विधेयक महत्वपूर्ण है। जब 2014 में राजग सरकार सत्ता में आई थी, तब परमाणु ऊर्जा क्षमता केवल 4.7 गीगावाट थी, जो अब बढ़कर 8.9 गीगावाट हो गई है। यह क्षमता कुल आवश्यक बिजली उत्पादन का मात्र 3 प्रतिशत है और इसे 2047 तक कम से कम 10 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए इस बजट में एक परमाणु ऊर्जा मिशन शुरू किया गया है। परमाणु प्रौद्योगिकी से कृषि उद्योग, खाद्य क्षेत्र तथा दूसरे क्षेत्रों को लाभ होगा।

## निजी कंपनियों को मिलेगा लाभः जयराम

कांग्रेस के जयराम रमेश ने कहा कि हम परमाणु क्षमता के मामले में खुद को साबित कर चुके हैं और आज आत्मनिर्भर हैं।



उन्होंने दावा किया कि यह विधेयक केवल निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए लाया गया है। रमेश ने कहा कि सरकार निजी कंपनियों को कहे कि वह खुद 700 मेगावाट का संयंत्र या 220 मेगावाट का संयंत्र लगाएं। क्योंकि अगर निजी सेक्टर को लाया जाएगा तो यह ध्यान में रखना होगा कि वे केवल पूंजी लाएंगे, प्रौद्योगिकी नहीं। हमारे वैज्ञानिकों ने साबित किया है कि वे और उनकी प्रौद्योगिकी सर्वश्रेष्ठ है। सरकार निजी कंपनियों से कहे कि देश में अगर परमाणु संयंत्र आपको लगाना है तो उन्हें आप हमारी प्रौद्योगिकी के आधार पर, हमारी क्षमता के आधार पर लगाएं।

## निजी क्षेत्र का एकाधिकार खतरनाकः यादव

समाजवादी पार्टी (सपा) के रामगोपाल यादव ने भी विधेयक को प्रवर समिति में भेजे जाने की मांग करते हुए कहा कि परमाणु संयंत्रों से



काफी खतरा होता है। उन्होंने आपूर्तिकर्ताओं की जवाबदेही तय करने की मांग की और कहा कि विभिन्न क्षेत्रों की तरह इस क्षेत्र में भी भविष्य में कुछ निजी कंपनियों का एकाधिकार हो जाएगा। बसपा के रामजी ने विधेयक को स्थायी समिति में भेजने की मांग की और कहा कि भले ही परमाणु ऊर्जा आधुनिक है लेकिन यह बहुत खतरनाक है।



## स्वतंत्र नियामक ढांचा नहींः प्रियंका

शिवसेना (उबाठा) सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने भी विधेयक का विरोध करते हुए इस पर व्यापक विचार-विमर्श किए जाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने दावा किया कि देश में प्रभावी और स्वतंत्र नियामक ढांचा नहीं है ऐसे में निजी कंपनियों की जवाबदेही कौन तय करेगा। राकांपा (एसपी) सदस्य फौजिया खान ने भी विधेयक का विरोध करते हुए इसे स्थायी समिति में भेजने की मांग की। माकपा सदस्य एए रहीम ने विधेयक का विरोध करते हुए इसे मानवता के खिलाफ बताया।

# प्रियंका ने गडकरी से मांगा 'अपॉइंटमेंट', हो गई मुलाकात

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से 'अपॉइंटमेंट' देने को कहा और कुछ देर बाद संसद भवन स्थित मंत्री के कार्यालय में कांग्रेस सांसद ने उनसे मुलाकात की तथा अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड से जुड़े मुद्दे उनके समक्ष रखे। इससे पहले, कांग्रेस महासचिव ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि



जून से मिलने का समय मांग रही हूं, कृपया समय दीजिए। गडकरी ने कहा कि वह कभी भी उनसे मिल सकती हैं, क्योंकि उनका दरवाजा हमेशा खुला रहता है। उन्होंने कहा कि 'आप प्रश्नकाल के बाद आ जाइए। आप कभी भी आ जाइए, दरवाजा हमेशा खुला रहता है।

## 4 महीनों में 40 लाख वार्षिक फास्टैग पास जारी किए

गडकरी ने कहा कि 2026 तक देश भर के सभी 1,050 टोल प्लाजा पर अवरोध मुक्त टोल संग्रह की व्यवस्था लागू करेगी और बीते अगस्त से 4 महीनों में लगभग 40 लाख वार्षिक फास्टैग पास जारी किए गए हैं। वार्षिक फास्टैग पास से प्रति वर्ष 3,000 रुपए या औसतन 15 रुपए प्रति टोल से 200 टोल प्लाजा पार करने की अनुमति है।

**नए लेबर कोड्स लागू**

सरकार ने इस साल 21 नवंबर को 29 पुराने लेबर कानूनों को खत्म कर 4 नए लेबर कोड्स लागू किए हैं। सरकार ने इन नए लेबर कोड्स को मजदूरों के अधिकारों के लिए बड़ा बदलाव बताया है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनमोहन ने गुरुवार को केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चार नए श्रम कानूनों का स्वागत करते हुए कहा कि इन सुधारों का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब इन्हें निष्पक्षता, समानता और स्पष्ट नीति के साथ ज़मीनी स्तर पर लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि ये कानून भारत के भविष्य के श्रम ढांचे को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं।

# एक्यूआई 400 के पार, 22 उड़ानें रद्द, एएआई की एडवाइजरी जारी, यात्री ऐहतियात बरतें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण गंभीर श्रेणी में है। गुरुवार सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे के साथ हुई। आसमान में धुंध की चादर दिखाई दी। कई क्षेत्रों में जहरीली धुंध की मोटी परत छाई रही। वायु गुणवत्ता अत्यंत खराब होने के कारण सुबह के समय कम दृश्यता की समस्या पैदा हुई और हवाई यातायात प्रभावित रहा। दिल्ली एयरपोर्ट के अधिकारियों के अनुसार, अब तक 22 उड़ानें रद्द होने की सूचना मिली है, जिनमें 11 प्रस्थान और 11 आगमन शामिल हैं। भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) ने गुरुवार को उत्तर भारत में घने धुंध की स्थिति को लेकर एडवाइजरी जारी की है। एएआई ने यात्रियों को कम दृश्यता और कई हवाई अड्डों पर उड़ानों में संभावित देरी के लिए सावधान किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक मौसम चेतावनी में एएआई ने कहा, लगातार धुंध उत्तर भारत के कई हवाई अड्डों को प्रभावित कर रही है। इससे दृश्यता कम हो रही है और उड़ानों में संभावित देरी हो सकती है। प्राधिकरण ने यात्रियों को हवाई अड्डे जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति संबंधित एयरलाइन से जांचने और अतिरिक्त यात्रा समय लेने की सलाह दी। एएआई ने आगे कहा, यात्रियों से अनुरोध है कि हवाई अड्डा जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति अपनी एयरलाइन से जांच लें। हवाई अड्डे की आधिकारिक वेबसाइट या सोशल मीडिया हैंडल पर अपडेट देखें। अपनी यात्रा योजना पहले से बनाएं और अतिरिक्त समय रखें।

## अक्षरधाम में एक्यूआई 416

सीपीसीबी (सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड) के अनुसार, इलाके के आस-पास एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 415 है, जिसे 'गंभीर' श्रेणी में रखा गया है। सीएक्यूएम (कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट) ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप स्टेज-IV के तहत सभी एक्शन लागू है।

# मुंबई में बनेगा भारत का सबसे बड़ा सेंट्रल पार्क

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में नगर निकाय चुनावों की तारीखों के ऐलान के बीच डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने ठाणे और मुंबई के कई बड़ी परियोजनाओं की घोषणा की। उन्होंने बताया कि मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स और कोस्टल रोड से सटी खाली जमीन को मिलाकर कुल 295 एकड़ क्षेत्र में विश्वस्तरीय सेंट्रल पार्क बनाया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर करीब 700 से 750 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस सेंट्रल पार्क के नीचे 10 लाख वर्ग फुट का एक भूमिगत पर्यावरण अनुकूल खेल परिसर होगा। यहां अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं के साथ-साथ खो-खो और कबड्डी जैसे भारतीय खेलों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इस सेंट्रल पार्क को भूमिगत मार्ग के जरिए सीधे कोस्टल रोड से जोड़ा जाएगा।



## 50 एकड़ में बनेगा कन्वेंशन सेंटर

शिंदे ने बताया कि ठाणे के कासरवडवली खाड़ी के किनारे 50 एकड़ जमीन पर एक भव्य टावर कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा। यह 260 मीटर ऊंचा होगा, जो इसे देश का सबसे ऊंचा टावर बनाएगा। इसका निर्माण पेरिस के 300 मीटर ऊंचे एफिल टावर की तर्ज पर किया जाएगा। इसकी परिकल्पना प्रसिद्ध वास्तुकार हाफ़िज कॉन्ट्रैक्टर ने की है और यह 'मंगल कलश' की अवधारणा से प्रेरित है।

## गूगल ने लॉन्च किया एआई मॉडल जैमिनी 3 फ्लैस

**नई दिल्ली**। गूगल ने अपने एआई मॉडल फैमिली में एक नया वर्जन जैमिनी 3 फ्लैश लॉन्च कर दिया है। इस मॉडल को बेहतर रीजनिंग और मल्टीमॉडल फीचर्स के साथ तैयार किया गया है। इसके साथ ही इसमें लेटेंसी और लागत को काफी हद तक कम किया गया है। यह नया मॉडल बड़े और एडवांस्ड एआई मॉडल डीप रीजनिंग के साथ स्पीड ऑफर करता है। कोडिंग टास्क और मुश्किल विश्लेषण में इस्तेमाल के लिए ऑप्टिमाइज़ किया गया है। यह मॉडल प्रतिस्पर्धी परफॉर्मेंस बेंचमार्क हासिल करता हैग़ अपने पुराने मॉडलों की तुलना में काम को कहीं तेज़ी से प्रोसेस करता है और वह भी प्रति टोकन बहुत कम लागत पर।

## ईपीएफओ की अब नई पहल, पीएफ में कर्मियों को जोड़ने के लिए मिलेगा छह माह का समय

**नई दिल्ली**। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने गुरुवार को नियोक्ताओं (कंपनियों) से कहा है कि वह उसकी एक खास योजना का लाभ उठाएं। इस योजना के तहत कंपनियों को 6 महीने का समय दिया जा रहा है, ताकि वह उन कर्मचारियों को पीएफ (प्रोविडेंट फंड) में शामिल कर सकें, जिन्हें पहले इसमें नहीं जोड़ा गया था। यह मौका 1 जुलाई 2017 से 31 अक्टूबर 2025 के बीच छूटे कर्मचारियों के लिए है। ईपीएफओ ने इस योजना का नाम कर्मचारी नामांकन योजना यानी एंप्लाइज एनरोलमेंट स्कीम (ईईएस)-2025 रखा है। यह एक बार मिलने वाली विशेष योजना है, जिसका मकसद ज्यादा से ज्यादा कर्मचारियों को पीएफ की सुविधा देना और पहले हुई गलतियों को आसानी से ठीक करना है।

## कैंची धाम के पास सड़क हादसा, 3 की मौत

**नैनीताल**। पीलीभीत से कैंची धाम दर्शन के लिए जा रही



सैलानियों से भरी स्कॉर्पियो भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग में निगलाट के करीब अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में 3 सैलानियों की मौत हो गई,

## बस में लगी आग, 40 छात्रों का किया रेस्क्यू

**देहरादून**। राजधानी के सेंट जूड चौक के पास गुरुवार को तमिलनाडु से ऑल इंडिया टूर पर आए 40 छात्र उस वक्त खतरे के साये में आ गए, जब उनकी चलती बस से अचानक धुआं उठने लगा। मौके पर पहुंचे ट्रैफिक कर्मियों ने सभी छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। दमकल की गाड़ी ने मौके पर आकर आग पर काबू पा लिया।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

**DD.NO. 37 दिनांक 17.12.2025 धारा 194 बी.एन.एस एस. थाना खरखौदा जिला सोनीपत।**

**नाश की पहचान**



नाम- नामपता नामालूम।
पिता का नाम - नामालुम।
पत्ता- नामालुम।
उम्र - 34 वर्ष।
कद - 5 फुट 5 इन्च।
**हुलिया**:- रंग सांवला, गोल चेहरा।
पहनावाः- ग्रे रंग का ट्रेकसूट, सफेद काले रंग की फुल बाजू की चैक की शर्ट, क्रीम रंग की पैन्ट पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 17.12.2025 को एक नामपता नामालुम व्यक्ति की नाश बरोणा फ्लाई ओवर के उपर डिवाईडर पर खरखौदा में लगभग 3-4 दिन पुरानी नाश मिली है। नाश की शिनाख्त नही हो सकी है। नाश को शिनाख्त के लिए BPS खानपुर कलां की मोचरी में 72 घंटों के लिए रखवाया गया है। अगर किसी को उपरोक्त नाश के बारे कोई सुराग मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना शहर गोहाना मो0 न0 7419410536
अनुसंधान कर्ता ASI अनम मो0 न0 - 7988499343
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।,
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच -1084/11/4243/2026/41300/88/6 दि. 18.12.2025



## केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
**CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION**
(An Autonomous Organization under the Ministry of Education, Govt. of India)

सं. : सीबीएसई/पीई/शुद्धिपत्र/डीआरक्यू2026/2025 दिनांक 18.12.2025

### शुद्धिपत्र

डीआरक्यू 2026 (सीधी भर्ती कोटा परीक्षा 2026) के लिए 02 दिसम्बर 2025 को प्रकाशित केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड विज्ञापन सं. सीबीएसई/भर्ती सैल/14(88)/2025 की निरंतरता में, एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त विज्ञापन के पृष्ठ सं. 15 पर वर्णित प्रावधान और मल्टीपल पदों के लिए आवेदन जमा करवाने के सम्बन्ध में ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में सेक्शन 3 के तहत ''के लिए आवेदन और परीक्षा केन्द्र विवरण'' निम्नानुसार होंगे।

| मौजूदा | के तौर पर पढ़ा जाएगा |
|---|---|
| ''कृपया ध्यान दें : उम्मीदवारों को जिस पद के लिए आवेदन करने के वे इच्छुक हैं प्रत्येक पद के लिए अलग आवेदन जमा करवाने होंगे। केवल तभी सिंगल टीयर-I परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों को सभी सम्बन्धित आवेदित पदों के लिए विचार किया जाएगा।'' | ''कृपया ध्यान दें : निर्धारित पात्रता मानदंड पूरा करने के अधीन, उम्मीदवार सेक्शन 3 में 'के लिए आवेदन'- 'के लिए आवेदन और परीक्षा केन्द्र विवरण' के तहत सम्बन्धित पद(ों) का चयन करके/टिक करके एक सिंगल ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र के माध्यम से एक से अधिक पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क प्रत्येक पद के लिए भुगतानयोग्य होगा और तदनुसार गणना की जाएगी। केवल तभी सिंगल टीयर-I परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों को सभी सम्बन्धित आवेदित पदों जिनके लिए आवेदन किया है, पद-वार/समूह-वार, जो भी लागू हो, के लिए विचार किया जाएगा। |

**महत्वपूर्ण** :-
- उम्मीदवार जो मल्टीपल पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक थे परन्तु पूर्ववर्ती प्रावधान की वजह से ऐसा करने में अयोग्य थे, करेक्शन विंडो के दौरान मल्टीपल पदों के लिए आवेदन करने में सक्षम होंगे। करेक्शन विंडो के लिए कार्यक्रम यथा समय सूचित किया जाएगा।
- उम्मीदवारों को अपडेट्स के लिए नियमित रूप से सीबीएसई की अधिकारिक वेबसाइट अर्थात www.cbse.gov.in पर पधारने का परामर्श दिया जाता है।

सभी अन्य नियम व शर्तें, विज्ञापन सं. सीबीएसई/भर्ती सैल/14(88)/2025 दिनांक 02 दिसम्बर 2025 में अधिसूचित अनुसार अपरिवर्तित रहेंगे।

निदेशक,
पेशेवर परीक्षा इकाई, सीबीएसई

सीबीसी-21107/12/0012/2526



## सार्वजनिक सूचना

ICICI Home Finance

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा पता** : प्रथम तल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटलस रोड, निकट सुभाष चौक, सोनीपत-131001
**शाखा पता** : एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्केट, यूई-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001
**शाखा पता** : द्वितीय तल, 2/30, बुलगेनिंस टावर, आदर्श नगर, डी-पार्क, दिल्ली रोड, रोहतक-124001

निम्नलिखित कर्जदार आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड (''आईसीआईसीआई एचएफसी'') से उनके द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज का पुनर्भुगतान करने में चूककर्ता बन चुके हैं और ऋणों को नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। प्रतिभूति हित अधिनियम-2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत उनके अन्तिम ज्ञात पतों पर उनको एक नोटिस जारी किया गया था, यद्यपि इसकी तामील नहीं हो पाई और इसलिए उनको इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से एतद द्वारा अधिसूचित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम/ (ऋण अकाउंट नम्बर) और पता | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति / प्रवर्तित की जानी परिसम्पत्ति का सम्पत्ति पता | भेजे गये नोटिस की तिथि / नोटिस की तिथि के अनुसार बकाया | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शशि कांता पत्नी स्व. संजय कुमार जो कर्जदार और मृतक स्व. श्री संजय कुमार की कानूनी वारिस होने के नाते (कर्जदार), मृतक स्व. श्री संजय कुमार पुत्र श्री गजराज का कानूनी वारिस (सह-कर्जदार), निवासी मकान नं. 800/33, शांत नगर, काठ मण्डी, रोहतक-जिला रोहतक, हरियाणा-124001-मोबाइल 9896901591./ LHROH00001415578. | श्रीमती शशि कांता पत्नी संजय कुमार के पक्ष में संजय कुमार पुत्र गगराज द्वारा निष्पादित निम्नलिखित सेल डीड नंबर एस :- (i) सेल डीड नंबर 1570 दिनांक 07.05.2018, के तहत शांत नगर, काठ मंडी, रोहतक में स्थित प्रोपर्टी आईडी 224C3311U173 वाली सम्पत्ति माप 99.5 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से, जिसका माप 91 वर्ग गज है। सीमाएँ निम्नानुसार हैं:- पूर्व :- 15' 5" + 10' 6"- दुकान सुरेश। पश्चिम :-46'3" मालिक गगराज और राजपाल, मौका हाउस महेश और अनिल, उत्तरः- 36' दुकान सुरेश कुमार। दक्षिणः 20' दुकान रामेश्वर- और श्रीमती शशि कांता पत्नी संजय के पक्ष में संजय कुमार पुत्र गगराज द्वारा निष्पादित (ii) सेल डीड नंबर 315 दिनांक 07.04.2021 (बी), माप 8.5 वर्ग गज - मकान नंबर 4 का गैलरी भाग, जो कुल भूमि क्षेत्रफल का 8/11 हिस्सा माप 11 वर्ग गज। सीमाएँ निम्नानुसार :- पूर्व :- 5' सुरेश कुमार और राजेश कुमार का मकान। पश्चिमः- 5' सड़क। उत्तर;- 12' सुरेश कुमार की बची हुई गैलरी। दक्षिण;- 16' स्वामित्व। | 08-12-2025 रु. 11,84,199.76/- | 11/08/ 2025 |
| 2. | शशि कांता पत्नी स्व. संजय कुमार जो कर्जदार और मृतक स्व. श्री संजय कुमार की कानूनी वारिस होने के नाते (कर्जदार), मृतक स्व. श्री संजय कुमार पुत्र श्री गजराज का कानूनी वारिस (सह-कर्जदार), निवासी मकान नं. 800/33, शांत नगर, काठ मण्डी, रोहतक-जिला रोहतक, हरियाणा-124001-मोबाइल 9896901591./ LHROH00001415579 | श्रीमती शशि कांता पत्नी संजय कुमार के पक्ष में संजय कुमार पुत्र गगराज द्वारा निष्पादित निम्नलिखित सेल डीड नंबर एस :- (i) सेल डीड नंबर 1570 दिनांक 07.05.2018, के तहत शांत नगर, काठ मंडी, रोहतक में स्थित प्रोपर्टी आईडी 224C3311U173 वाली सम्पत्ति माप 99.5 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से, जिसका माप 91 वर्ग गज है। सीमाएँ निम्नानुसार हैं:- पूर्व :- 15' 5" + 10' 6"- दुकान सुरेश। पश्चिम :-46'3" मालिक गगराज और राजपाल, मौका हाउस महेश और अनिल, उत्तरः- 36' दुकान सुरेश कुमार। दक्षिणः 20' दुकान रामेश्वर- और श्रीमती शशि कांता पत्नी संजय के पक्ष में संजय कुमार पुत्र गगराज द्वारा निष्पादित (ii) सेल डीड नंबर 315 दिनांक 07.04.2021 (बी), माप 8.5 वर्ग गज - मकान नंबर 4 का गैलरी भाग, जो कुल भूमि क्षेत्रफल का 8/11 हिस्सा माप 11 वर्ग गज। सीमाएँ निम्नानुसार :- पूर्व :- 5' सुरेश कुमार और राजेश कुमार का मकान। पश्चिमः- 5' सड़क। उत्तर;- 12' सुरेश कुमार की बची हुई गैलरी। दक्षिण;- 16' स्वामित्व। | 08-12-2025 रु. 37,738.8/- | 11/08/ 2025 |
| 3. | विजय सिंधु पुत्र सुन्दर सिंह सिंधु (कर्जदार), विमल रानी पत्नी विजय सिंधु (सह-कर्जदार), वार्ड नं. 16, डिफाइंस कॉलोनी, आर्य नगर, निकट आईटीआई गोहाना, गोहाना, जिला सोनीपत-हरियाणा -131301/NHGOH00000830660 | दस्तावेज नं. 103 दिनांक 07.04.2015 के अनुरूप विजय सिद्धु के पक्ष में निष्पादित एम.सी. सीमा गोहाना, जिला सोनीपत के अंदर घुडा में स्थित खेवट नं. 420, किल्ला नं. 284//17 में निहित भूमि माप 7के-15एम का 5/155 हिस्सा जो सम्पत्ति माप 150 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से, सीमाएं :- उत्तर : साइड 60', दक्षिण : साइड 60', पूर्व : साइड 22'6'', पश्चिम : साइड 22'6'' | 11-12-2025 रु. 9,43,402/- | 12/04/ 2025 |
| 4. | चरण सिंह पुत्र चांद (कर्जदार), राजबाला पत्नी चरण सिंह (सह-कर्जदार), श्री राम पुरी वाटर, शॉप नं. 253, दिल्ली रोड, हिसार कैंट, हिसार, हिसार, हरियाणा-125005 LHHIS00001323657. | दस्तावेज नं. 8983 दिनांक 17.12.2019 के अनुरूप चरण सिंह के पक्ष में निष्पादित कौशिक नगर हिसार में स्थित खेवट नंबर 2232//2308, खतौनी नंबर 2558, खसरा नंबर 94//26 (1-12) में निहित भूमि माप 1के-12एम का 5/32, सम्पत्ति/प्लॉट नं. 176, माप 150 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से। दस्तावेज नं. 8982 दिनांक 17.12.2019 के अनुरूप चरण सिंह के पक्ष में निष्पादित कौशिक नगर हिसार में स्थित खेवट नंबर 2232/2308, खतौनी नंबर 2558, खसरा नंबर 94/26 (1-12) में निहित भूमि माप 1के-12एम का 11/96 हिस्सा, सम्पत्ति/प्लॉट नं. 174, माप 111.11 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से। दस्तावेज नं. 4312 दिनांक 23.07.2019 के अनुरूप चरण सिंह के पक्ष में निष्पादित सातरोड खास- हिसार में स्थित खेवट नंबर 138 मिन//132, खतौनी नंबर 200 मिन, खसरा नंबर 139//6 (7-19) में निहित भूमि माप 7के-19एम का 1/72 हिस्सा, सम्पत्ति/प्लॉट नं. 253, माप 66.66 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से। | 11-12-2025 रु. 30,56,858/- | 12/04/ 2025 |
| 5. | परम वीर पुत्र भगत सिंह (कर्जदार), कलावती पत्नी भगत राम (सह-कर्जदार), मोनिया पत्नी परमवीर (सह-कर्जदार), म. नं. 1581, निकट जिन्दल पार्क, शिव नगर, हिसार-हरियाणा-125001./ LHHIS00001258089. | दस्तावेज नं. 52, दिनांक 04.04.1989 के अनुरूप कलावती पत्नी भगत के पक्ष में निष्पादित शिव नगर, टिब्बा दाना शेर, हिसार में स्थित खसरा नं. 7293 में निहित प्लॉट नं. 113 और 114 जो सम्पत्ति माप 222 वर्ग गज (40'×50') के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं :- उत्तर : प्लॉट नं. 115, दक्षिण : प्लॉट नं. 112, पूर्व : गली-20' चौड़ी 40', पश्चिम : खाली प्लॉट 40'. | 11-12-2025 रु. 4,56,946.4/- | 12/04/ 2025 |
| 6. | परम वीर पुत्र भगत सिंह (कर्जदार), कलावती पत्नी भगत राम (सह-कर्जदार), मोनिया पत्नी परमवीर (सह-कर्जदार), म. नं. 1581, निकट जिन्दल पार्क, शिव नगर, हिसार-हरियाणा-125001./ NHHIS00001246045. | दस्तावेज नं. 52, दिनांक 04.04.1989 के अनुरूप कलावती पत्नी भगत के पक्ष में निष्पादित शिव नगर, टिब्बा दाना शेर, हिसार में स्थित खसरा नं. 7293 में निहित प्लॉट नं. 113 और 114 जो सम्पत्ति माप 222 वर्ग गज (40'×50') के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं :- उत्तर : प्लॉट नं. 115, दक्षिण : प्लॉट नं. 112, पूर्व : गली-20' चौड़ी 40', पश्चिम : खाली प्लॉट 40'. | 11-12-2025 रु. 14,31,247/- | 12/04/ 2025 |
| 7. | बंसीलाल पुत्र रामभुल (कर्जदार), धोली पत्नी बंसीलाल (सह-कर्जदार), निकट देवीलाल पार्क, गांव कटेसरा (118), जिला रोहतक-हरियाणा-124113. मोबाइल नं. 9991935805 एवं 8168131119./ LHROH00001606926 | बंसीलाल के पक्ष में राम चन्द्र द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 1332 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप मांझा तहसील कलानौर, जिला रोहतक में स्थित जमाबंदी वर्ष 2021-2022 के अनुसार खेवट नं. 624, खतौनी नंबर 738, मुस्तकिल और किला नंबर 11/4(1-5), 5/1 (4-2), 6/1(4-8), 12//10/1 (7-12), 11/2(7-12), किते 5, माप 0के-6एम जो भूमि क्षेत्रफल (24के 19एम) का 6/499 हिस्सा और खेवट नंबर 625, खतौनी नंबर 739, मुस्तकिल और किला नंबर 9//21/1(5-8) माप 0के-2एम जो कि भूमि क्षेत्रफल 5के-8एम का 1/54 हिस्सा है और खेवट नंबर 626, खतौनी नंबर 740, मुस्तकिल और किला नंबर 12//1/2(7-12), किते 1 (7-12), माप 0के-3एम जो भूमि क्षेत्रफल 7के-12एम का 3/152 हिस्सा, माप 0के-11एम का कुल माप (332.75 वर्ग गज) वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। | 15-12-2025 रु. 13,50,018.56/- | 12/09/ 2025 |
| 8. | बंसीलाल पुत्र रामभुल (कर्जदार), धोली पत्नी बंसीलाल (सह-कर्जदार), निकट देवीलाल पार्क, गांव कटेसरा (118), जिला रोहतक-हरियाणा-124113. मोबाइल नं. 9991935805 एवं 8168131119. LHROH00001606933 | बंसीलाल के पक्ष में राम चन्द्र द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 1332 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप मांझा तहसील कलानौर, जिला रोहतक में स्थित जमाबंदी वर्ष 2021-2022 के अनुसार खेवट नं. 624, खतौनी नंबर 738, मुस्तकिल और किला नंबर 11/4(1-5), 5/1 (4-2), 6/1(4-8), 12//10/1 (7-12), 11/2(7-12), किते 5, माप 0के-6एम जो भूमि क्षेत्रफल (24के 19एम) का 6/499 हिस्सा और खेवट नंबर 625, खतौनी नंबर 739, मुस्तकिल और किला नंबर 9//21/1(5-8) माप 0के-2एम जो कि भूमि क्षेत्रफल 5के-8एम का 1/54 हिस्सा है और खेवट नंबर 626, खतौनी नंबर 740, मुस्तकिल और किला नंबर 12//1/2(7-12), किते 1 (7-12), माप 0के-3एम जो भूमि क्षेत्रफल 7के-12एम का 3/152 हिस्सा, माप 0के-11एम का कुल माप (332.75 वर्ग गज) वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। | 15-12-2025 रु. 42,692/- | 12/09/ 2025 |

नोटिस की स्थानापन्न सेवा हेतु कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/ों और/अथवा उनके गारंटरों (लागू अनुसार) को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि के अंदर बकाया राशि के भुगतान करने का परामर्श दिया जाता है अन्यथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के प्रावधानों के अनुरूप आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांक : 19 दिसम्बर 2025
स्थान : रोहतक, सोनीपत, हिसार, मांझा-कटेसरा

प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

## चिंतन

# हादसों के घायलों को तुरंत मिले इलाज, तो बच सकती हैं जान

देशभर में हर साल सड़क हादसों में लाखों लोग काल का ग्रास बन रहे हैं। खास बात यह है कि इनमें युवाओं की तादाद ज्यादा है। तमाम सुधार के प्रयास और सख्त कानून के बावजूद हादसों पर लगाम लगती नहीं दिख रही। सड़क हादसे आज के समय में एक बड़ी समस्या बन गए हैं। तथ्य यह भी है कि हादसों में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचा दिया जाए तो ज्यादातर मामलों में जान बचाई जा सकती है। आईआईएम के एक अध्ययन के अनुसार अगर घायलों को समय पर इलाज मिल जाए तो 50 हजार से अधिक जिंदगियों को बचाया जा सकता है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों के तमाम प्रयासों व दावों के बावजूद सही स्वास्थ्य ढांचा, समय पर मदद और एंबुलेंस के नहीं पहुंचने के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ जाती है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर घंटे 55 दुर्घटनाएं और 20 मौतें होती हैं। अकेले 2023 की बात करें तो देश में 4,88,583 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1,72,890 लोगों की मौत हुई हैं। राज्यसभा में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी स्वीकारा है कि भारत में हर साल करीब 5 लाख सड़क हादसे होते हैं, जिनमें औसतन 1.8 लाख लोगों की जान जाती है। इनमें से 66% मौतें युवाओं (18 से 34 साल) की होती हैं। केंद्रीय मंत्री ने माना किया कि रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधारने और कानून सख्त करने के बावजूद सरकार मौतों की संख्या घटाने में पूरी तरह सफल नहीं हो पा रही है। केंद्र सरकार राज्यों को आधुनिक एंबुलेंस देने की योजना बना रही है। इसके तहत एंबुलेंस हादसे की जगह पर 10 मिनट के भीतर पहुंचेगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों को समय पर इलाज मिल सके और उनकी जान को बचाया जा सके। गडकरी ने बताया कि घायलों की मदद करने वाले लोगों को हमने 'राहवीर' की संज्ञा दी है। अब अगर कोई घायल को अस्पताल पहुंचाता है, तो सरकार की ओर से उसे 25,000 रुपये का इनाम मिलेगा। इसलिए लोगों को अब किसी की मदद करने से पहले दो बार सोचना नहीं होगा। तथ्य यह भी है कि बुनियादी ढांचे की कमियां, वाहन चालकों की लापरवाही और नियमों की अवहेलना सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है। मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, केवल ओवर-स्पीडिंग से 68.4 प्रतिशत दुर्घटनाएं और 68.1 प्रतिशत मौतें होती हैं। चालक अक्सर साइन बोर्ड पर लिखी गति सीमा को नजरअंदाज करते हैं और सुरक्षा नियमों के प्रति असंवेदनशील रहते हैं। इसके अलावा, कौशल की कमी और हेलमेट न पहनने से भी 54,568 लोगों की जान गई, सीट बेल्ट न पहनने से 16,025 मौतें हुईं और 33,827 दुर्घटनाओं में बिना लाइसेंस चालक शामिल थे। हादसों को रोकने के लिए कुछ कदम उठाए जा सकते हैं। देखने में आता है कि एक लेन वाले हाईवे पर आमने-सामने की टक्कर दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है। इस पर तुरंत दखल देने की जरूरत है। जो एक लेन वाले हाईवे ज्यादा खतरनाक हैं, उन्हें बीच में मजबूत डिवाइडर लगाकर बहु-लेन सड़कों में बदलना होगा। गति सीमा तय करनी होगी और इसका सख्ती से पालन करना होगा। सड़क हादसे एक जानलेवा समस्या है, जिसका समाधान हमें मिलकर करना होगा। हमें सड़क पर सावधानी से गाड़ी चलाना, सड़कों का सुधार करना, वाहनों का रखरखाव करना और यातायात नियमों का पालन करना होगा। तभी हम सड़क हादसों को रोक सकते हैं और अपने परिवारों को सुरक्षित रख सकते हैं।



विश्लेषण
विवेक शुक्ला


बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान, राहुल गांधी ने राजद नेता तेजस्वी यादव को अकेला छोड़कर विदेश दौरा किया और मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में उनके नाम की घोषणा में हस्तक्षेप किया। यह घटनाक्रम इतना गंभीर हुआ कि झारखंड की राजनीति में भी कांग्रेस को बाहर करने की बातें होने लगी थीं। राहुल गांधी की राजनीति की पहचान हमेशा जिद पर अड़े रहने की रही है। यह कोई अचरज की बात नहीं है कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे संसद में भी उखाड़-फेंके गए। खासकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कांग्रेस के चुनावी इतिहास को तर्कपूर्ण तरीके से खंडित किया। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी तक के चुनावी कदाचार को सामने रखा।

# राहुल की जिद पर शाह के तर्क भारी

बिहार में कांग्रेस की करारी हार के बाद, राहुल गांधी के पास यह सुनहरा अवसर था कि वह अपनी छवि सुधारते हुए अपने गठबंधन के साथियों के साथ तालमेल बिठाते। बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान, उन्होंने जो गलतियां की थीं, उन्हें सुधारने का यह समय था। चुनाव के दौरान, राहुल गांधी ने राजद नेता तेजस्वी यादव को अकेला छोड़कर विदेश दौरा किया और मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में उनके नाम की घोषणा में हस्तक्षेप किया। यह घटनाक्रम इतना गंभीर हुआ कि झारखंड की राजनीति में भी कांग्रेस को बाहर करने की बातें होने लगी थीं। राहुल गांधी की राजनीति की पहचान हमेशा जिद पर अड़े रहने की रही है।

इस कारण से कांग्रेस के अंदर बहुत से नेता राहुल गांधी से खफा रहने लगे हैं। पर वे बेबस हैं। जब कांग्रेस की अपनी स्थिति इतनी खराब हो, तो यह कोई अचरज की बात नहीं है कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे संसद में भी उखाड़-फेंके गए। खासकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कांग्रेस के चुनावी इतिहास को तर्कपूर्ण तरीके से खंडित किया। उन्होंने कांग्रेस के संस्थापक जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी तक के चुनावी कदाचार को सामने रखा। अमित शाह ने स्पष्ट रूप से यह बताया कि आज़ादी के बाद, जब प्रधानमंत्री के चुनाव के लिए मतदान हुआ था, तो सरदार पटेल के पक्ष में 28 वोट आए थे, जबकि नेहरू को केवल 2 वोट मिले थे, फिर भी नेहरू को प्रधानमंत्री बना दिया गया। शाह ने इसे स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र का पहला अपमान बताया।

यह कांग्रेस के लिए एक शर्मनाक स्थिति थी और इस पर पार्टी कोई ठोस जवाब नहीं दे पाई। राहुल गांधी की रणनीति के बजाय, अब कांग्रेस का पूरा ध्यान यह आरोप लगाने पर केंद्रित हो गया है कि उनकी पार्टी के खिलाफ चुनावी धोखाधड़ी हो रही है। उनके पास तथ्यों और तर्कों का स्पष्ट अभाव है। यह उस पार्टी का दुर्भाग्य है, जिसका नेतृत्व यह मानने को तैयार नहीं कि उनकी पिछली गलतियों से कुछ सीखा जाए। राहुल गांधी की राजनीतिक शैली अब उस मुकाम पर पहुँच चुकी है, जहां चुनावी हार को ही अनुचित करार देना और सच्चाई को नकारना उनकी दिनचर्या बन चुकी है। राहुल गांधी ने लगातार प्रधानमंत्री मोदी पर 'वोट चोर' का आरोप लगाया, जो कि एक अप्रत्याशित और अनुशासनहीन आरोप था। जब अमित शाह ने इंदिरा गांधी के रायबरेली चुनाव में गड़बड़ी का हवाला दिया, तो कांग्रेस के सांसद चुप हो गए। अमित शाह ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए बताया कि इंदिरा गांधी का चुनाव अवैध था, और इसे छिपाने के लिए संसद में एक कानून लाया गया था, जिससे प्रधानमंत्री के खिलाफ कोई केस दर्ज नहीं हो सकता। इस बीच, अमित शाह ने सोनिया गांधी के वोटर बनने के मामले को उठाया, जहां उन्होंने सवाल किया कि कैसे एक विदेशी नागरिक के रूप में सोनिया गांधी मतदाता सूची में शामिल हो गईं। इससे कांग्रेस की साख और भी गिर गई, और पार्टी इस सवाल का जवाब नहीं दे सकी। कांग्रेस की राजनीतिक स्थिति इस समय एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) पर अटकी हुई है। राहुल गांधी का यह प्रयास है कि किसी तरह उनकी पार्टी की हार को छुपाया जा सके। वह लगातार आरोप लगा रहे हैं कि मुसलमानों को मतदाता सूची से बाहर रखा जा रहा है, लेकिन जब तक इस पर कोई ठोस प्रमाण नहीं मिलते, यह आरोप बेबुनियाद नजर आते हैं। बीजेपी ने इस मुद्दे को पूरी तरह से उठा लिया है और कोई भी बाहरी नागरिक इस पर शिकायत नहीं कर रहा।



राहुल गांधी के पास इस सवाल का भी जवाब नहीं है कि बाहरी नागरिक भारत के मतदाता कैसे बने। इसी बीच, ममता बनर्जी की सरकार और अखिलेश यादव भी एसआईआर पर सहयोग कर रहे हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे जारी रखने के पक्ष में फैसला लिया है। अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया है कि घुसपैठियों को पहचान कर उन्हें देश से बाहर किया जाएगा। मोदी सरकार की यह प्रतिबद्धता है कि देश की जनसांख्यिकीय संरचना में किसी प्रकार की हेरफेर की अनुमति नहीं दी जाएगी। अमित शाह की यह स्पष्ट नीति और दृढ़ संकल्प दिखाता है कि वह किसी भी बाहरी या अवैध गतिविधि को सहन नहीं करेंगे। वहीं, राहुल गांधी अपनी जिद और राजनीति में विफलताओं से बाहर निकलने के बजाय, एसआईआर जैसे मुद्दों को हवा देकर अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

बहरहाल, कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर वोट चोरी के आरोप का चुनावी परिणाम पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं देखा गया है। इस आरोप का कांग्रेस के लिए चुनावी लाभ प्राप्त करने में सफलता न मिलने के कारण, सवाल उठने लगे हैं कि क्या यह आरोप सही तरीके से जनता तक पहुंचने में सक्षम हो पाया है या फिर यह आरोप सिर्फ राजनीतिक विपक्ष के ताने-बाने का हिस्सा बनकर रह गया है। वोट चोरी के आरोपों के बावजूद, मोदी सरकार के समर्थक इसे कांग्रेस की निराशा और चुनावी रणनीति का हिस्सा मानते हैं। वे इसे विपक्ष के एक निरर्थक प्रयास के रूप में देखते हैं, जो भाजपा के मजबूत जनाधार को कमजोर नहीं कर सकता। नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता, उनकी सरकार की योजनाओं और भाजपा के चुनावी अभियान की मजबूती ने कांग्रेस के आरोपों को प्रभावी रूप से बेअसर कर दिया है। मोदी और उनकी पार्टी ने इन आरोपों को नकारा करते हुए इसे विपक्ष की राजनीति का एक तरीका बताया है। इसके अलावा, भारतीय चुनाव आयोग की भूमिका और उसकी स्वतंत्रता पर जनता का भरोसा भी कांग्रेस के आरोपों को कमजोर करता है। इस प्रकार, कांग्रेस के आरोपों का असर उस स्तर पर नहीं हुआ है जैसा उम्मीद की जा रही थी। लोग मोदी के खिलाफ आरोपों को ज्यादा गंभीरता से नहीं ले रहे, क्योंकि वे उन्हें कांग्रेस की चुनावी रणनीति और खुद को हताशा की अभिव्यक्ति मानते हैं। आगे चलकर, इस मुद्दे का कितना असर होगा, यह तो चुनावों के परिणामों से ही स्पष्ट होगा, लेकिन फिलहाल यह आरोप कोई खास प्रभाव डालता हुआ नजर नहीं आ रहा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह




# ब्रिटिश साम्राज्य के विनाश के लिए गले लगाई शहादत !

आज स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लखनऊ के पास काकोरी में अंजाम दिए गए ऐतिहासिक ट्रेन एक्शन के तीन क्रांतिकारी नायकों रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खां और रोशन सिंह का साझा शहादत दिवस है। दूसरे शब्दों में कहें तो उनकी शहादतों की स्मृतियों को ताजा करने और उनसे प्रेरणा लेने का दिन। उनके इस कार्य को अपने साम्राज्य के लिए सीधी चुनौती मानकर देश के तत्कालीन ब्रिटिश शासकों ने 1927 में 19 दिसम्बर को यानी आज के ही दिन बिस्मिल को उत्तर प्रदेश की गोरखपुर, अशफाक को फैजाबाद (अब अयोध्या) और रोशन सिंह को मलाका (तत्कालीन इलाहाबाद, अब प्रयागराज) की जेलों में फांसी पर लटकाकर शहीद कर डाला था। सुविदित है कि हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़े इन क्रान्तिकारियों ने अपने कुछ और साथियों के साथ नौ अगस्त, 1925 को आठ डाउन सहारनपुर लखनऊ पैसेंजर ट्रेन में ले जाया जा रहा सरकारी खजाना काकोरी स्टेशन के पास लूट लिया था। उनका मानना था कि गोरी सरकार ने यह खजाना देशवासियों के चौतरफा शोषण और खुल्लमखुल्ला लूट से इकट्ठा किया है और इसे देश की मुक्ति के प्रयत्नों में खर्च करना ही उसका सबसे सार्थक उपयोग है। शहादत के वक्त, जैसी कि परम्परा है, गोरखपुर जेल में अफसरों द्वारा बिस्मिल से उनकी अंतिम इच्छा पूछी गई तो उनका दो टूक जवाब था : 'आई विश द डाउनफॉल आफ ब्रिटिश एम्पायर' यानी मैं ब्रिटिश साम्राज्य का नाश देखना चाहता हूं। शहादत से कुछ ही दिनों पहले उन्होंने उम्मीद भरी पंक्तियां लिखी थीं : मरते बिस्मिल, रोशन, लहरी, अशफाक अत्याचार से / होंगे पैदा सैकड़ों उनके रुधिर की धार से। इसी कड़ी में फैजाबाद (अब अयोध्या) की जेल में अशफाक उल्लाह खां ने (बिस्मिल से जिनकी वैचारिक एकता व दोस्ती को हिंदू मुस्लिम सद्भाव की अद्भुत मिसाल बताया जाता है) कहा था कि उनकी अंतिम इच्छा यह है कि जब उन्हें फांसी पर लटकाया जाए तो उनके वकील फांसी घर के सामने खड़े होकर देखें कि वे कितनी खुशी और हसरत से उसके फंदे पर झूल रहे हैं। बिस्मिल और अशफाक में एक और समान बात यह थी कि दोनों शायर थे और ग़ज़लें कहते थे। बिस्मिल ने तो अनेक किताबें भी लिखी थीं। इनमें ग्यारह उन्होंने खुद छपवाईं और उनकी बिक्री से एकत्र धन से क्रांति कर्म के लिए हथियार खरीदे थे। गोरी सरकार को यह बात नागवार गुजरी तो उसने ये सारी किताबें जब्त कर ली थीं। उनकी आत्मकथा, जिसे वे अपनी शहादत से कुछ दिन पहले तक लिखते रहे थे, बाद में प्रकाशित हुई थी। अशफाक की बात करें तो वे बिस्मिल की गिरफ्तारी के बाद भी अरसे तक गोरी पुलिस के शिकंजे से बचे रहे थे और कभी नेपाल, कभी कानपुर तो कभी बनारस भागते फिर रहे थे। बनारस से छिपते-छिपाते वे झारखंड स्थित मेदिनीनगर (तब डाल्टनगंज) पहुंचे तो वहां दस महीने रहे थे। दरअसल, हुआ यह कि काकोरी ट्रेन एक्शन के डेढ़ महीने बाद 26 सितम्बर, 1925 की रात गोरी पुलिस समूचे उत्तर भारत में संदिग्धों के घरों व ठिकानों पर अभियान के तौर पर छापे मारती व धर-पकड़ करती अशफाक के शाहजहांपुर स्थित घर पहुंची तो उन्होंने खुद को घर से थोड़ी दूर स्थित एक गन्ने के खेत में छिपाकर उसकी निगाहों से बचा लिया। हालांकि इससे पहले उनके दोस्त रामप्रसाद बिस्मिल मुखबिरों व गद्दारों के चलते पुलिस के हत्थे चढ़ चुके थे और उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जा चुका था। इसके बाद यह बात कोई रहस्य नहीं रह गई थी कि अशफाक घर पर ही बने रहे तो बहुत दिनों तक खैर नहीं मना सकेंगे। आखिर वे अपने जिले शाहजहांपुर के एक पुराने दोस्त के घर पर रहने लगे, जहां उसके विश्वासघात के शिकार हो गये। इस दोस्त ने उनकी गिरफ्तारी के लिए घोषित इनाम के लालच में धोखे से उन्हें पकड़वा दिया, जिसके बाद काकोरी एक्शन में शामिल होने को लेकर उन पर पूरक मुकदमा चलाया गया और फांसी की सजा सुना दी गई। उधर, मलाका जेल में शहीद किए गए रोशन सिंह को जिन्दादिली के बगैर जिन्दगी ही बेकार लगती थी। उन्होंने कहा था : जिन्दगी जिंदादिली को मान ऐ रोशन/ वरना कितने ही यहां रोज फना होते हैं।



( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## बड़े भाग मानुष तनु पावा



संकलित
**दर्शन**

संवाद का ऐसा सांगोपांग निर्वहन संसार के किसी स्मृति साहित्य में नहीं मिलेगा, जो श्रीरामचरितमानस में है। पूरा मानस भक्त काकभुशुंडि और ज्ञानी पक्षीराज गरुड़ के बीच का संवाद है। भक्त काकभुशुंडि वक्ता हैं और ज्ञानी गरुड़ श्रोता हैं। भक्त प्रतिपादन कर रहा है और ज्ञानी जिज्ञासा कर रहा है। भक्त के प्रतिपादन में भावना का वह समुद्र लहराता है, जिसमें तनिक भी खारापन नहीं होता है और ज्ञानी की जिज्ञासा में कुतर्क का अभाव होता है। भक्त और ज्ञानी दोनों का परम उद्देश्य रामराज्य है, जो आचरण के उपादान के बगैर संभव नहीं है। समग्र रामकथा श्रवण के पश्चात पक्षीराज गरुण काकभुशुंडि जी से सात प्रश्नों की जिज्ञासा करते हैं। पहला प्रश्न पूछते हुए वह कहते हैं कि सबसे दुर्लभ शरीर कौन सा है? काकभुशुंडि जी उत्तर देते हैं कि मनुष्य शरीर सबसे दुर्लभ है, क्योंकि मैंने स्वयं भी इसी शरीर के रहते भगवान और उनकी भक्ति को पाया है। वह कहते हैं कि मनुष्य तन ही वह उपलब्धि है, जो मोक्ष सुख का अनुभव भी करा सकता है। स्वर्ग के सुख को लोग भले ही श्रेष्ठ मानते हों, पर अंत में वह भी अल्प है और दुख का कारण बनता है। भक्त के जीवन में जो प्राप्त शरीर है, वह भी आराध्य को पाने का उपादान होने के कारण पूज्य हो जाता है। संसार में भी किसी व्यक्ति के सहयोग से यदि हमें कुछ विशेष उपलब्धि हो गई हो तो हम जीवन भर उसके कृतज्ञ रहते हैं, उसी प्रकार काकभुशुंडि जी कह रहे हैं कि शरीर मिथ्या तो तब होगा, जब इसका उद्देश्य भोगों की प्राप्ति हो, पर जब वही शरीर भगवत्प्राप्ति का साधन बन जाए तो वह अपने अभीष्ट को पाकर धन्य हो जाता है।

## जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
**प्रेरणा**

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### धुंध न बने दुर्घटना का कारण

बीते दिन उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर कोहरा कुछ लोगों की जान का दुश्मन बन गया। यहां लगभग सात बसें और तीन कारें गहरे कोहरे के कारण आपस में टकरा गईं। हमारे देश में दिन प्रतिदिन सड़क हादसों में जान गंवाने वालों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। देश में सड़क हादसों में एक दिन में जितने लोग जान गंवाते हैं, उतने तो आतंकवाद के शिकार नहीं होते। या यूं कहा जा सकता है कि हमारे देश के लिए आतंकवाद से ज्यादा बड़ी समस्या सड़कों पर बढ़ते हादसों की है। वैसे तो हर मौसम में सड़क हादसों की गिनती कम नहीं होती, लेकिन सर्दियों के मौसम में धुंध में विजिबिलटी कम रहने से सड़क पर जरा भी लापरवाही जान पर भारी पड़ सकती है। सर्दियों में पड़ने वाली धुंध भी सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनती है। ऐसे उपाय खोजने होंगे कि धुंध दुर्घटनाओं का कारण न बने। – *मुकेश देवांगन, जगदलपुर*

## करंट अफेयर

### बीजिंग में वायु गुणवत्ता सूचकांक बढ़कर 215 पर



चीन की राजधानी बीजिंग में बृहस्पतिवार को धुंध छाई रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बढ़कर 215 पर पहुंच गया, जो "बेहद अस्वास्थ्यकारी" स्तर माना जाता है। बीजिंग में वर्षों तक हवा साफ करने के लिए अभियान चलाया गया, जिसके बाद प्रदूषण इतनी तेजी से बढ़ना दुर्लभ माना जा रहा है। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने बुधवार को 'येलो अलर्ट' जारी करते हुए देश के कुछ हिस्सों में भारी धुंध फैलने का पूर्वानुमान जताया है। वेधशाला ने कहा कि हेबेई, बीजिंग, तियानजिन, हेनान, अनहुई, जियांग्सू, हुबेई, सिचुआन बेसिन और चोंगचिंग में बृहस्पतिवार को भारी धुंध छाई रहने का पूर्वानुमान है। बीजिंग में प्रदूषित वायु गुणवत्ता के साथ धुंध इन दिनों कम ही देखने को मिलती है, जबकि पहले यहां भारी प्रदूषण देखा जाता था। सरकार ने 2016 में कई कदम उठाए थे, जिनमें भारी प्रदूषण का कारण बनने वाले उद्योगों को बंद करना और उन्हें स्थानांतरित करना शामिल था। इसके लिए अरबों डॉलर खर्च किए गए। अधिकारियों का कहना है कि सर्दी के दौरान शहर में कोयले से चलने वाली सार्वजनिक हीटिंग व्यवस्था की जगह प्राकृतिक गैस या बिजली से चलने वाली हीटिंग व्यवस्था अपनाई गई, जिसके लिए एक अरब डॉलर से अधिक धनराशि खर्च की गई।

## ऑफ बीट

### जीवनकाल पर आहार प्रतिबंध या अच्छे जीन का असर



आखिरकार, यह लंबे समय से माना जाता रहा है कि ज्यादा समय तक जीने वाले लोगों के माता-पिता और दादा-दादी लंबे समय तक जीवित रहते हैं, जो यह दर्शाता है कि आनुवंशिकी दीर्घायु को प्रभावित करती है। हालांकि, तस्वीर को जटिल बनाने वाली बात यह है कि हम जानते हैं कि आपकी जीवनशैली, खास तौर पर आहार और व्यायाम का योग भी बुढ़ापे में आपके स्वास्थ्य और आपके जीवन की अवधि को काफी हद तक प्रभावित करता है। जीवनशैली बनाम आनुवंशिकी क्या योगदान देती है, यह एक खुला प्रश्न है जिस पर 'नेचर' में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन ने नयी रोशनी डाली है। वैज्ञानिकों को लंबे समय से पता है कि कैलोरी का सेवन कम करने से जानवर लंबे समय तक जीवित रह सकते हैं। 1930 के दशक में, यह देखा गया कि कम कैलोरी वाले चूहे उन चूहों की तुलना में अधिक समय तक जीवित रहे जो जितना चाहें उतना खा सकते थे। इसी तरह, जो लोग शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय होते हैं वे अधिक समय तक जीवित रहते हैं। लेकिन विशेष रूप से एकल जीन को दीर्घायु से जोड़ना हाल तक विवादास्पद था।

## ट्रेंड

### नरेंद्र मोदी का सम्मान



ओमान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, 'द फर्स्ट क्लास ऑफ द ऑर्डर ऑफ ओमान' से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया जाना उनकी कुशल राजनीतिज्ञता और वैश्विक नेता के रूप में उनकी स्वीकृति का एक भव्य प्रमाण है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### मनरेगा को लागू किया



नरेगा का नाम पहले महात्मा गांधी के नाम पर नहीं रखा गया था, वह तो नरेगा थी। बाद में जब 2009 के चुनाव आए तो चुनाव और वोट के कारण बापू याद आए, महात्मा गांधी याद आए और तब उस पर महात्मा गांधी का नाम जोड़ा गया। मनरेगा को भी ताकत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ढंग से लागू किया।
**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री**

### 'आखिरी सलाम'



हमारे वीर जवानों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान से मध्यप्रदेश ने 11 दिसंबर, को नक्सलवादियों के 'लाल सलाम' को 'आखिरी सलाम' कर दिया है। अब भविष्य में ऐसी किसी गतिविधि को बढ़ने नहीं देंगे।
**- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश**

### भयानक प्रदूषण



10 साल तक दिल्ली में हमारी सरकार रही, कभी इतना भयानक प्रदूषण नहीं देखा, फिर भी हमने कड़े कदम उठाए। आज हाल ये है कि बीजेपी सरकार ऑफ़िशियल एक्यूआई तक मैनेज करने में लगी है।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# पिच पर सांप, तो कभी धुंध और एक बार मधुमक्खियों ने रुकवाए क्रिकेट मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी20 मैच लखनऊ में आयोजित होना था, लेकिन घने कोहरे के कारण यह मैच शुरू ही नहीं हो पाया। इतना ही नहीं, इस मैच में टॉस तक नहीं हुआ। बुधवार को निर्धारित टॉस समय शाम 6:30 बजे था, लेकिन धुंध को देखते हुए अंपायरों ने इसे स्थगित करने का निर्णय लिया। तीन घंटे तक मैच रोके जाने के बाद अंततः इसे रद्द कर दिया गया।



## क्रिकेट इतिहास में ऐसे कई अजीबो-गरीब कारण हैं जिनकी वजह से मैच रोकना पड़ा

### मैच रद्द कराना होता है चुनौतीपूर्ण

क्रिकेट में ऐसे अजीबो-गरीब कारणों से मैच रोकना या रद्द करना न केवल खिलाड़ियों और आयोजकों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है, बल्कि यह दर्शकों के लिए भी अनपेक्षित परिस्थितियाँ पैदा करता है। लखनऊ का चौथा टी20 मैच भी ऐसे ही दुर्भाग्यपूर्ण कारणों से रद्द हुआ और क्रिकेट प्रेमियों के लिए निराशा का विषय बन गया।

### मधुमक्खियों की वजह से रुका मैच

2017 में जोहानिसबर्ग में दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच वनडे मैच के दौरान ग्राउंड पर मधुमक्खियों का झुंड आ गया। सुरक्षा कारणों से मैच को एक घंटे से अधिक समय तक रोकना पड़ा।



### ग्राउंड पर सांप और कुत्ता

श्रीलंका में कई बार क्रिकेट मैच के दौरान ग्राउंड पर सांप देखने के कारण मैच रोके गए। इसके अलावा ग्राउंड पर कुत्ते, मोर, कबूतर और अन्य पक्षियों व जानवरों के प्रवेश के कारण भी कई मैचों को कुछ देर के लिए रोका गया।



### सूरज की तेज रोशनी

यह घटना 2019 की है, जब भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे मैच में सूरज की अधिक रोशनी सीधे बल्लेबाजों की आंखों पर पड़ रही थी। नेपियर के मैक्लीन पार्क में खेले गए इस मैच में बल्लेबाजों की सुरक्षा को देखते हुए मैच लगभग आधे घंटे के लिए रोका गया।

### स्टेडियम में फायर ब्रिगेड की उपस्थिति

जनवरी 2017 में न्यू साउथ वेल्स और क्वींसलैंड के बीच खेले गए मैच में नेथन लायन द्वारा टोस्ट जलाने के कारण स्टेडियम में फायर अलार्म बज गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड को स्टेडियम पहुंचना पड़ा। 2007 में भी एक काउंटी चैम्पियनशिप मैच में रसोई में ग्रेवी जलने के कारण उठे धुएं ने फायर अलार्म बजा दिया था और स्टेडियम खाली कराया गया था।

### पिच पर कार का प्रवेश

दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान एक व्यक्ति पिच पर कार लेकर आ गया। खिलाड़ियों और अंपायरों के रोकने के बावजूद वह पिच पर कार चलाने की कोशिश कर रहा था। इस मैच में टीम इंडिया के वर्तमान हेड कोच गौतम गंभीर भी मौजूद थे। यह मैच पालम के मैदान में खेला गया था।

### पिच पर गेंद धंसने से मैच रद्द

महिला बिग बैश लीग में होबार्ट हरिकेन्स और एडिलेड स्ट्राइकर्स के बीच मैच के इनिंग ब्रेक के दौरान रोलर के नीचे गेंद आने के कारण पिच पर गड्ढा हो गया। इस वजह से मैच को पूरी तरह रद्द करना पड़ा।

## खबर संक्षेप



### एमआई एमिरेट्स ने दुबई कैपिटल्स को हराया

**दुबई।** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो की 67 रन की शानदार पारी और राशिद खान की उम्दा गेंदबाजी की मदद से एमआई एमिरेट्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के कम स्कोर वाले मैच में दुबई कैपिटल्स पर सात रन की रोमांचक जीत हासिल की। बेयरस्टो (40 गेंदों में 67 रन) के अर्धशतक के बावजूद एमआई एमिरेट्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 137 रन ही बना पाई। कैपिटल्स की तरफ से मुस्तफिजुर रहमान ने 34 रन देकर तीन जबकि जवादुल्लाह ने सात रन देकर दो विकेट लिए। दुबई कैपिटल्स की टीम छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गई और निर्धारित 20 ओवर में 130 रन बनाकर आउट हो गई।



### सम्राट आईएसएसएफ के शीर्ष पांच में शामिल

**नई दिल्ली।** पिछले महीने काहिरा में विश्व चैंपियनशिप में भारतीय पिस्टल निशानेबाज सम्राट राणा के प्रदर्शन को अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ ने वर्ष के शीर्ष पांच सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में शामिल किया है। हरियाणा के करनाल के रहने वाले 20 वर्षीय निशानेबाज राणा ने विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। वह इस स्पर्धा में सीनियर वर्ग का व्यक्तिगत विश्व खिताब जीतने वाले पहले भारतीय हैं। इस प्रतिभाशाली निशानेबाज ने इसी प्रतियोगिता में अपनी पसंदीदा स्पर्धा में ईशा सिंह के साथ मिश्रित टीम का रजत पदक भी जीता था। आईएसएसएफ ने सत्र के शीर्ष पांच प्रदर्शन की घोषणा करते हुए कहा, ''इस सत्र में हू काई (चीन) को हराने वाले एकमात्र खिलाड़ी सम्राट राणा ने दबाव में भी संयम बनाए रखते हुए ऐसा उलटफेर किया जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी।

## अहमदाबाद की पिच पर 7 बजे से शुरू होगा असली संग्राम !

# भारत सीरीज जीतने और साउथ अफ्रीका ड्रा कराने के इरादे से आज दिखाएंगे दमखम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अहमदाबाद। साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम का भारत दौरा अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। अब टी20 इंटरनेशनल सीरीज चल रही है। इस सीरीज का आखिरी यानी आज होने वाला पांचवां मुकाबला बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसी मैच से यह तय होगा कि ट्रॉफी किसके नाम जाएगी। भारत आज शुक्रवार को यहां होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज कर सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा वहीं दक्षिण अफ्रीका कैसे भी करके यह सीरीज 2-2 से ड्रा कराने के लिए पूरा जोर लगाएगी। मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होगा। सीरीज का आखिरी मैच होने और दोनों टीमों के प्रदर्शन को देखते हुए यह मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है। क्रिकेट प्रशंसक इस निर्णायक मैच का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो भारत दौरे का शानदार समापन साबित हो सकता है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज के चार मुकाबले अब तक पूरे हो चुके हैं। हालांकि चौथा मैच खराब मौसम की भेंट चढ़ गया। वर्तमान में भारत 2-1 से आगे है। अब टीम इंडिया के पास आखिरी मैच जीतकर एक और टी20 सीरीज अपने नाम करने का सुनहरा अवसर है।



### शुभमन की जगह ले सकते हैं सैमसन

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज के आखिरी मैच से भारतीय उपकप्तान शुभमन गिल अपने पैर के अंगूठे की चोट के कारण बाहर हो गए हैं। संजू सैमसन, जो भारत के पसंदीदा ओपनर थे, आखिरी मैच में गिल की जगह ले सकते हैं। बता दें कि सैमसन पहले तीन टी-20 मैचों में बेंच पर बैठे थे। गिल इस समय बेहद खराब फॉर्म में चल रहे हैं।

### साउथ अफ्रीका की नजर बराबरी पर

हालांकि साउथ अफ्रीकी टीम फिलहाल सीरीज में पीछे चल रही है और वह अब सीरीज नहीं जीत सकती, लेकिन उसके पास आखिरी मुकाबला जीतकर सीरीज को बराबरी पर समाप्त करने का मौका जरूर है। ऐसे में यह मैच दोनों टीमों के लिए प्रतिष्ठा और आत्मविश्वास के लिहाज से काफी अहम हो गया है। साउथ अफ्रीका की कोशिश होगी कि वह मजबूत प्रदर्शन कर सीरीज ड्रॉ कराए।

### दोनों टीमों के बीच रहा है कांटे का टक्कर


दोनों टीमें टी-20 क्रिकेट में 34 बार एक-दूसरे से भिड़ चुकी हैं और इस बीच भारत ने 20 मैच जीते हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 13 मैच अपने नाम किए हैं। इस दौरान 1 मैच बेनतीजा भी रहा है। भारतीय जमीन पर दोनों टीमें 15 बार आमने-सामने हैं। भारतीय टीम ने 7 मैच जीते हैं, जबकि प्रोटियाज टीम ने भी 7 मैच जीते (बेनतीजा- 1) हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके घर पर भारत ने 9-4 से बढ़त बनाई है।

### इन पर रहेगी नजर

अभिषेक ने पिछले 10 मुकाबलों में 33.11 की औसत और 169.31 की स्ट्राइक रेट से 298 रन बनाए हैं। तिलक के बल्ले से पिछले 9 टी-20 मुकाबलों में 53.2 की औसत से 266 रन निकले हैं। ब्रेविस ने से पिछले 9 मैच में 153.09 की स्ट्राइक रेट से 173 रन बनाए हैं। मार्करम ने पिछले 6 मैच में 174 रन बनाए हैं। वरुण ने पिछले 8 मैच में 14 और अर्शदीप ने 6 मैच में 9 विकेट लिए हैं।

## फुटबॉल

# पीएसजी ने फ्लेमेंगो को हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता



एजेंसी ▶▶| दोहा

मात्वेई सफोनोव ने पेनल्टी शूटआउट में लगातार चार पेनल्टी बचाईं जिससे पेरिस सेंट जर्मेन ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में फ्लेमेंगो को हराकर वर्ष 2025 में अपनी छठी ट्रॉफी जीती। निर्धारित और अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबर था जिसके बाद पीएसजी ने पेनल्टी शूटआउट में 2-1 से जीत हासिल की। पीएसजी ने इस तरह से वर्ष 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने इससे पहले डेस चैंपियंस, फ्रेंच लीग, फ्रेंच कप, चैंपियंस लीग और यूईएफए सुपर कप जीता था। ख्विचा क्वारात्स्खेलिया ने 38वें मिनट में पीएसजी को बढ़त दिलाई, जिसके बाद 62वें मिनट में जोर्जिन्हो ने पेनल्टी को गोल में बदलकर ब्राजील के क्लब फ्लेमेंगो को बराबरी दिलाई। मैच खत्म होते ही रूसी गोलकीपर सफोनोव को उनके साथियों ने हवा में उछाल दिया।

## भारतीय निशानेबाजी लीग

# नई फ्रेंचाइजी यूपी प्रोमेथियंस निशानेबाजी लीग में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगले साल 16 से 26 फरवरी तक होने वाली भारतीय निशानेबाजी लीग में गुरुवार को यूपी प्रोमेथियंस के रूप में नई फ्रेंचाइजी को शामिल किया गया। यह टीम नोएडा स्थित प्रोमेथियस स्कूल की है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में खेल की अपार संभावनाएं हैं तथा एक मजबूत शैक्षणिक और विकास के मूल मंत्र से से प्रेरित फ्रेंचाइजी के जुड़ने से लीग का महत्व बढ़ गया है।''एसएलआई में पिस्टल, राइफल और शॉटगन की स्पर्धाओं में मिश्रित टीम प्रारूप में खेलने वाले शीर्ष भारतीय और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में कई श्रेणियों में टीम स्पर्धाएं होंगी। इनमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) शामिल हैं। लीग चरण के लिए टीमों को दो वर्ग में बांटा जाएगा जिसके बाद नॉकआउट राउंड के मुकाबले होंगे। खिलाड़ियों का चयन चार श्रेणियों एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, राष्ट्रीय चैंपियन तथा जूनियर एवं युवा में किया जाएगा। इस तरह से अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टार खिलाड़ियों, भारतीय निशानेबाजों और उभरती प्रतिभाओं के संयोजन वाली टीम तैयार की जाएंगी।

### भारतीय कुश्ती महासंघ का नया फरमान


## पहलवानों के लिए नेशनल कैंप में भागीदारी अनिवार्य

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ ने नयी चयन नीति लागू की है जिसके तहत राष्ट्रीय चयन के लिये राष्ट्रीय शिविरों में भागीदारी अनिवार्य है हालांकि व्यक्तिगत अभ्यास कर रहे पहलवानों को इससे छूट रहेगी। इसके साथ ही ओलंपिक खेलों में कोटा जीतने वाले पहलवानों को एक दौर के अंतिम चयन ट्रायल में भाग लेना होगा। डब्ल्यूएफआई की आम परिषद की हाल ही में अहमदाबाद में हुई बैठक में इस नीति को मंजूरी दी गई। इसे फीडबैक और समीक्षा लिये भारतीय खेल प्राधिकरण को भी दिया गया है। नीति में कहा गया, राष्ट्रीय कोचिंग शिविरों में भागीदारी सभी पहलवानों के लिये अनिवार्य होगी जिसमे एलीट और दिग्गज पहलवान शामिल हैं। शिविर में भाग लेने के लिये राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पदक जीतना जरूरी है। इसमे कहा गया, एक बार चुने जाने पर पहलवानों को राष्ट्रीय शिविर में अभ्यास करना होगा। किसी को दूसरे किसी स्थान पर व्यक्तिगत अभ्यास की अनुमति नहीं होगी। इसके मायने हैं कि हाल ही में संन्यास से वापसी का फैसला लेने वाली विनेश फोगाट को राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिये घरेलू स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा। नीति में स्पष्ट है कि शिविर में भाग नहीं लेने पर पहलवान चयन ट्रायल में भाग नहीं ले सकेंगे।

# अब वर्ल्ड कप फुटबॉल विजेता को मिलेंगे पांच करोड़ डॉलर

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बुधवार को घोषणा की कि 2026 में होने वाले विश्व कप के विजेता को 655 मिलियन डॉलर की कुल पुरस्कार राशि में से 50 मिलियन डॉलर (पांच करोड डॉलर) मिलेंगे। अर्जेंटीना को 2022 में चैंपियन बनने पर 42 मिलियन डॉलर और फ्रांस को 2018 में विश्व कप जीतने पर 38 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि मिली थी। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने अगले विश्व कप में पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए समान पुरस्कार राशि का लक्ष्य निर्धारित किया है। विश्व कप 2026 की कुल पुरस्कार राशि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2023 में खेले गए महिला विश्व कप की 110 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि से लगभग छह गुना अधिक होगी।



### महिला विश्व कप 2027 में किसको कितना मिलेगा

अगला महिला विश्व कप 2027 में ब्राजील में होगा। विश्व कप 2026 में कुल 48 टीम भाग लेंगी। ग्रुप चरण में बाहर होने वाली टीमों को नौ मिलियन डॉलर, अगले दौर में पहुंचने वाली टीमों को 11 मिलियन डॉलर और राउंड ऑफ़ 16 में पहुंचने वाली टीमों को 15 मिलियन डॉलर मिलेंगे। क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को 19 मिलियन डॉलर, चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 27 मिलियन डॉलर, तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 29 मिलियन डॉलर और फाइनल में हारने वाली टीम को 33 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी।

### केतन ने 10 मी एयर पिस्टल में स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली।** हरियाणा की केतन मलिक पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर जैसी दिग्गज को हराकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में राष्ट्रीय चैम्पियन बन गई। केतन ने 240 का स्कोर करके स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली की मीनू पाठक को रजत और सुरभि राव को कांस्य पदक मिला। जूनियर महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की वंशिका चौधरी ने स्वर्ण, अंजलि शेखावत ने रजत और एशियाई खेल चैम्पियन पलक गूलिया ने कांस्य पदक जीता। सेना निशानेबाजी ईकाई की लक्षिता बिश्नोई ने युवा वर्ग में खिताब जीता। रश्मिका सहगल को रजत और संस्कृति बाना को कांस्य पदक मिला। क्वालीफिकेशन में 900 से अधिक निशानेबाजों ने भाग लिया था जिसमे गूलिया और भाकर शीर्ष पर रही थी। फाइनल में भाकर 137 . 2 स्कोर करके सातवें स्थान पर रही।

## एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के साथ चल रहा तीसरा टेस्ट

# इंग्लैंड की पारी लड़खड़ाई, 8 विकेट पर 213 रन

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

एशेज सीरीज 2025-26 के तीसरे एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 371 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने दूसरे दिन के खेल की समाप्ति तक 8 विकेट खोकर 213 रन बना लिए। दूसरे दिन के स्टम्प्स तक क्रीज में कप्तान बेन स्टोक्स (45) और जोफ्रा आर्चर (30) बने हुए हैं। आइए दूसरे दिन के खेल पर एक नजर डालते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 371 रन



### स्टार्क ने लगाया अर्धशतक

कल के स्कोर 326/8 से आगे खेलने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम से मिचेल स्टार्क ने अपना अर्धशतक पूरा किया। कल के दिन 33 रन बनाकर नाबाद रहने वाले स्टार्क 54 रन की पारी खेलकर नौवें विकेट के रूप में आउट हुए। आखिर में नाथन लियोन (9) आउट होने वाले आखिरी ऑस्ट्रेलियाई बने। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पारी में 91.2 ओवर बल्लेबाजी की और दूसरे दिन के पहले सत्र के दौरान मेजबान टीम सिमट गई।

### आर्चर ने की उम्दा गेंदबाजी

आर्चर ने 20.2 ओवर गेंदबाजी की और 5 मेडन के साथ 53 रन देकर 5 विकेट चटकाए। उनकी इकॉनमी रेट 2.60 की रही। इस खिलाड़ी ने जेक वेदराल्ड (18), मार्नस लाबुशेन (19), कैमरून ग्रीन (0), स्टार्क (54) और लियोन (9) को अपना शिकार बनाया। यह एशेज सीरीज में आर्चर का तीसरा 5 विकेट हॉल रहा। आर्चर के अलावा ऑस्ट्रेलिया की पारी में ब्रायडन क्रॉस और विल जैक्स ने 2-2 विकेट लिए। जोश टंग ने 1 सफलता हासिल की।

### रूट को सर्वाधिक बार आउट करने वाले गेंदबाज बने पेट कमिंस

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बल्लेबाज जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन सिर्फ 19 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कंगारू टीम के कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने पवेलियन की राह दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने रूट को टेस्ट में कुल 12वीं बार आउट किया है और वह उन्हें सर्वाधिक बार आउट करने वाले विरोधी गेंदबाज बन गए हैं।

### कमिंस ने तोड़ा बुमराह और स्टार्क का रिकॉर्ड

कमिंस ने जसप्रीत बुमराह और मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़ दिया है। इन गेंदबाजों ने रूट को टेस्ट क्रिकेट में 11-11 बार आउट किया है। जोश हेजलवुड ने इंग्लैंड के इस दिग्गज बल्लेबाज को 10 बार आउट किया था। कमिंस चोटिल होने के कारण सीरीज के पहले 2 टेस्ट मैच नहीं खेले थे। उन्होंने तीसरे टेस्ट में वापसी की है। रूट ने पिछले मुकाबले में शानदार शतकीय पारी खेली थी। हालांकि, उस मैच में उनकी टीम को हार मिली थी।

उद्यान विभाग, हरियाणा
4th आलू मेला-2026
आलू प्रौद्योगिकी केन्द्र, शामगढ, करनाल दिनांक
09-10 जनवरी, 2026
आलू पुरस्कार हेतु आवेदन

4th आलू मेले के अवसर पर आलू के सर्वश्रेष्ठ उत्पादक को इनाम दिये जायेंगे। इसके लिये किसान अपना नामांकन निम्नलिखित निर्धारित फार्म में भरकर दिनांक 29.12.2025 तक संबंधित जिला बागवानी अधिकारी के कार्यालय में जमा करवायें। जिन किसानों को पिछले दो वर्ष में कोई पुरस्कार विभाग से प्राप्त नहीं हुआ है वही किसान आवेदन कर सकते हैं।

| क्र.स. | किसान एंव उसकी खेती से सम्बन्धित जानकारी | किसान द्वारा भरा जाना है | |
|---|---|---|---|
| | | नाम | क्षेत्रफल एकड़/नम्बर |
| 1. | किसान का नाम | | |
| 2. | पिता का नाम | | |
| 3. | पता, ब्लॉक, जिला, मोबाईल नंबर इत्यादि | | |
| 4. | आलू का क्षेत्रफल (एकड़) | | |
| 5. | सुक्ष्म सिंचाई विधि का नाम व क्षेत्रफल (एकड़) | | |
| 6. | नई तकनीक (ए.आर.सी., टिश्यु कल्चर लैब, नैट हाउस आदि) का क्षेत्रफल / नम्बर | | |
| 7. | तुडाई उपरांत प्रबन्धन सुविधाएं (शेड, पैक हाउस, ग्रेडिंग, पैकिंग) | | |
| 8. | मशीनीकरण (प्लांटर, डीगर, ग्रेडर आदि) | | |
| 9. | कोल्ड स्टोरेज (क्षमता) | | |
| 10. | अनुबंधित खेती (Contract Farming) | | |
| 11. | प्रशिक्षण का विवरण एवं सख्या (राष्ट्रीय / अंतरराष्ट्रीय / राज्य स्तरीय) | | |
| 12. | ब्रिकी व्यवस्था (ब्रांडिंग, ऑनलाईन आदि) | | |

किसान के हस्ताक्षर

नोटः 1. विजेताओं का चयन विभागीय कमेटी द्वारा किया जाएगा, जो कि सर्वमान्य होगा।
2. जिला उद्यान अधिकारी से सत्यापन करवाना अनिवार्य है।

उप निदेशक उद्यान
आलू प्रौद्योगिकी केन्द्र
शामगढ, करनाल।

पीआरडीएच-1149/11/1007/2026/41304/88/6 दि. 18.12.25




## खबर संक्षेप

### ढाका में वीजा केंद्र का संचालन फिर से शुरू

**ढाका।** भारत ने बृहस्पतिवार को ढाका में अपने वीजा आवेदन केंद्र का संचालन फिर से शुरू कर दिया, सुरक्षा संबंधी चिंताओं में वृद्धि के कारण एक दिन पहले इसे बंद कर दिया गया था। हालांकि, बांग्लादेश के अन्य हिस्सों में स्थित इसी तरह के दो अन्य केंद्रों को बंद कर दिया गया है। वहीं, भारत विरोधी प्रदर्शनकारियों ने वहां भारतीय मिशनों की ओर मार्च करने की कोशिश की। दक्षिण-पश्चिमी खुलना और उत्तर-पश्चिमी राजशाही में स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र को सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण बंद कर दिया गया था।

### पुलित्जर विजेता पत्रकार पीटर का निधन

**नई दिल्ली।** पुलित्जर पुरस्कार विजेता पत्रकार पीटर अर्नेट का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



उन्होंने दशकों तक गोलियों और बमों के बीच काम करते हुए दुनिया को वियतनाम के धान के खेतों से लेकर इराक के रेगिस्तानों तक युद्धों की प्रत्यक्ष रिपोर्टिंग की।

### नशा तस्कर की एक करोड़ की संपत्ति कुर्क

**जम्मू।** पुलिस ने श्रीनगर में कुख्यात नशा तस्कर की एक करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस स्टेशन पारिमपोरा के तहत पुलिस पोस्ट कमरवारी ने सुहेल अहमद मीर निवासी बरथना, कमरवारी से जुड़े एक दो मंजिला और एक-एक मंजिला रिहायशी घर को कुर्क करने के नोटिस जारी किए।

भारत ने पिछले कुछ सालों में कई मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनसे किसानों, व्यापारियों और निर्यातकों को लाभ मिल रहा

# भारत-ओमान में फ्री ट्रेड डील पर हस्ताक्षर देश के लिए खुलेंगे दुनिया के 'बड़े बाजार'

• इस समझौते से भारत के वस्त्र चमड़ा, जूते, रत्न-आभूषण, इंजीनियरिंग उत्पाद, प्लास्टिक, फर्नीचर, कृषि उत्पाद, दवाइयां, मेडिकल डिवाइस और ऑटोमोबाइल के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ओमान के सुल्तान हसीम बिन तारिक अल सईद से मुलाकात की और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान भारत और ओमान ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर ओमान सरकार ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में योगदान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'ऑर्डर ऑफ ओमान' से सम्मानित किया। इस समझौते से भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों जैसे वस्त्र, चमड़ा, जूते, रत्न-आभूषण, इंजीनियरिंग उत्पाद, प्लास्टिक, फर्नीचर, कृषि उत्पाद, दवाइयां, मेडिकल डिवाइस और ऑटोमोबाइल के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। इससे रोजगार सृजन होगा और कारीगरों, महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों के साथ-साथ एमएसएमई को मजबूती मिलेगी। यह पिछले छह महीनों में भारत का दूसरा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट है। भारत ने पिछले कुछ सालों में कई मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनसे हमारे किसानों, व्यापारियों और निर्यातकों को लाभ मिल रहा है। भारत का पहले से ही खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के एक अन्य सदस्य देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ इसी तरह का समझौता है, जो मई 2022 में लागू हुआ था। जीसीसी के अन्य सदस्य बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब और कतर हैं। भारत और कतर भी जल्द ही व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू करेंगे। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-ओमान का द्विपक्षीय व्यापार करीब 10.5 अरब अमेरिकी डॉलर (निर्यात चार अरब अमेरिकी डॉलर और आयात 6.54 अरब अमेरिकी डॉलर) था।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'ऑर्डर ऑफ ओमान' से सम्मानित किया**



प्रधानमंत्री मोदी और ओमान के सुल्तान हसीम बिन तारिक अल सईद

» ***यह पिछले छह महीनों में भारत का दूसरा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट***

» ***यूएई के साथ इसी तरह का समझौता मई 2022 में लागू हुआ था***

### ओमान को क्या-क्या निर्यात करता है भारत?

भारत के प्रमुख आयात पेट्रोलियम उत्पाद और यूरिया हैं। इनकी कुल आयात में हिस्सेदारी 70 फीसदी से अधिक है। अन्य प्रमुख उत्पादों में प्रोपलीन और एथिलीन पॉलिमर, पेट कोक, जिप्सम, रसायन, लोहा, इस्पात और अपरिष्कृत एल्युमीनियम शामिल हैं। ओमान को निर्यात की जाने वाली मुख्य भारतीय वस्तुओं में खनिज ईंधन, रसायन, बहुमूल्य धातुएं, लोहा और इस्पात, अनाज, जहाज, नावें, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, बॉयलर, चाय, कॉफी, मसाले, कपड़े और खाद्य पदार्थ शामिल हैं।

### भारत के लिए खुलेंगे दुनिया के 4 बड़े बाजार

केंद्रीय पीयूष गोयल ने बताया कि भारत-ओमान फ्री-ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) से टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, ऑटोमोबाइल, ज्वेलरी, एग्रोकेमिकल, रिन्यूएबल एनर्जी और ऑटो कंपोनेंट्स में नए अवसर पैदा होंगे। भारत-ओमान बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए पीयूष गोयल ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी), पूर्वी यूरोप, मध्य एशिया और अफ्रीका के प्रवेश द्वार के रूप में ओमान को रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण बताया, जो भारतीय व्यवसायों को बेहतर बाजार पहुंच प्रदान करता है।

नहीं रहे प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार

## गांधी में 'महात्मा' और पटेल में 'लौहपुरुष' गढ़ने वाले थे शिल्पकार



» *'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' को किया था डिजाइन, संसद परिसर में ध्यान में बैठे हुए गांधी और घोड़े पर सवार छत्रपति शिवाजी की प्रतिमाएं भी उन्होंने ही बनाईं।*


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/नोएडा

देश को अपनी मूर्तियों के जरिए पहचान देने वाले प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार अब हमारे बीच नहीं रहे। बुधवार देर रात उन्होंने नोएडा स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली।



वे 100 वर्ष के थे और कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे।

राम सुतार के पुत्र अनिल सुतार ने अपने पिता के निधन की पुष्टि की। गुरुवार दोपहर नोएडा के सेक्टर 94 स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान कई कलाकार, प्रशंसक और गणमान्य लोग मौजूद रहे। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कई नेताओं ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। राम सुतार के निधन पर प्रधानंत्री नरेंद्र ने भी दुख जताया है। उन्होंने कहा कि वे एक शानदार मूर्तिकार थे, जिनकी महारत ने भारत को केवड़िया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी से सबसे मशहूर जगहें दीं। उनके कामों को हमेशा भारत के इतिहास, संस्कृति और सामूहिक भावना की दमदार अभिव्यक्ति के तौर पर सराहा जाएगा। उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए देश के गौरव को अमर कर दिया है। उनके योगदान के लिए उन्हें 1999 में पद्म श्री और 2016 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उन्हें महाराष्ट्र भूषण सम्मान भी दिया गया, जिसे मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने अस्पताल जाकर प्रदान किया था।



नोएडा के सेक्टर 94 स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया

व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल का एक और आतंकी गिरफ्तार

## एनआईए ने शोपियां के यासिर डार को दिल्ली से दबोच लिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विस्फोट मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को एक और बड़ी सफलता मिली है। एनआईए ने व्हाइट कॉलर मॉड्यूल के एक और आतंकी यासिर डार को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। यासिर डार दक्षिण कश्मीर में जिला शोपियां का रहने वाला है। गिरफ्तारी के बाद एनआईए ने उसे दिल्ली की पटियाला कोर्ट में पेश किया है। उसे 26 दिसंबर तक रिमांड पर भेजा है। इसके साथ ही एनआईए ने दिल्ली धमाका मामले में नौवीं गिरफ्तारी की है। एनआईए की जांच से पता चला है कि यासिर अहमद डार इस आतंकी साजिश में सक्रिय रूप से शामिल था। उसने वफादारी की शपथ ली थी और आत्मघाती (फिदायीन) हमले को अंजाम देने की कसम खाई थी। जांच एजेंसी के अनुसार, यासिर अन्य आरोपियों के साथ घनिष्ठ संपर्क में था, जिनमें धमाके को अंजाम देने वाला मृतक आत्मघाती हमलावर डॉ. उमर उन नबी और मुफ्ती इरफान शामिल हैं। बता दें कि 10 नवंबर को हुए आतंकी हमले में 15 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 22 से अधिक लोग घायल हुए थे। इससे पहले दिल्ली धमाका मामले में एनआईए ने पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक और आतंकी डॉ. बिलाल नसीर मल्ला को जम्मू-कश्मीर के बारामूला से गिरफ्तार किया है। वह आठवां आतंकी था।



दिल्ली में लाल किले के पास हुए धमाके के बाद 9वां आरोपी गिरफ्तार

*आवारा कुत्ते मामले पर सुप्रीम टिप्पणी*

## हम एक वीडियो दिखाएंगे और पूछेंगे कि मानवता क्या होती है

**नई दिल्ली (हरिभूमि न्यूज)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिकाकर्ता द्वारा आवारा कुत्तों के साथ 'अमानवीय बर्ताव' किए जाने की टिप्पणी पर गुरुवार को उससे कहा कि अगली सुनवाई पर एक वीडियो दिखाया जाएगा और 'आपसे पूछा जाएगा कि मानवता क्या होती है? आवारा कुत्तों के मामले में पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि मामले की सुनवाई के लिए बृहस्पतिवार को बैठने वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ को रद्द कर दिया गया है। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि मामले पर अगली सुनवाई सात जनवरी को होगी। सिब्बल ने कहा, समस्या यह है कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने इस बीच कुछ नियम बनाए हैं जो पूरी तरह से विपरीत हैं। उन्होंने पीठ से मामले की सुनवाई शुक्रवार को करने का आग्रह करते हुए कहा कि अधिकारियों के पास कुत्तों के आश्रय स्थल भी नहीं हैं। सिब्बल ने कहा, जो किया जा रहा है वह बहुत ही अमानवीय है। न्यायमूर्ति मेहता ने आवारा कुत्तों की समस्या का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा, अगली तारीख पर हम आपकी सुविधा के लिए एक वीडियो चलाएंगे और आपसे पूछेंगे कि मानवता क्या होती है।



*फिर बने मस्जिद.. याचिकाकर्ता की मांग*

## सुप्रीम कोर्ट बोला... आप केवल कब्जेदार, जमीन के मालिक नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उज्जैन में महाकाल लोक परिसर के पार्किंग क्षेत्र के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के 11 जनवरी के उस आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया, जिसमें भूमि अधिग्रहण कार्यवाही के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 7 नवंबर को उज्जैन में एक मस्जिद के पुनर्निर्माण के लिए निर्देश देने वाली याचिका को खारिज करने वाले आदेश को चुनौती देने वाली एक अलग याचिका को खारिज कर दिया, जिसे भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही के बाद ध्वस्त कर दिया गया था। लगभग 200 साल पहले स्थापित मानी जाने वाली तकिया मस्जिद को जनवरी में उस जमीन के अधिग्रहण के बाद ध्वस्त कर दिया गया, जिस पर यह मस्जिद बनी थी। सुनवाई के दौरान गुरुवार को याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शुरू करने से पहले सामाजिक प्रभाव आकलन का अनिवार्य प्रावधान इस मामले में नहीं किया गया था।






राजनाथ सिंह ने अपने समकक्ष डेविड वान वील के साथ की बैठक

# भारत-नीदरलैंड्स रक्षा के क्षेत्र में मिलकर करेंगे कई बड़े काम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में नीदरलैंड्स के विदेश मंत्री डेविड वान वील से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच बढ़ती और मजबूत रक्षा साझेदारी की पुष्टि की गई। दोनों मंत्रियों ने रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों सहित कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की। दोनों मंत्रियों ने कार्यनीतिक साझेदारी के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा सहयोग को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस मुलाकात में एक स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत और नीदरलैंड्स की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। दोनों मंत्रियों ने एक करीबी रक्षा साझेदारी और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों, विशेष रूप से विशिष्ट प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, को जोड़ने की जरूरत पर जोर दिया। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और भारत में



नीदरलैंड्स की राजदूत मारिसा जेराड्र्स ने दोनों मंत्रियों की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर आशय पत्र का आदान-प्रदान किया। दोनों देश प्रौद्योगिकी सहयोग, सह-उत्पादन और प्लेटफार्मों एवं उपकरणों के सह-विकास के लिए एक रक्षा औद्योगिक रोडमैप विकसित करके पारस्परिक लाभ के लिए चिन्हित क्षेत्रों में रक्षा सहयोग की संभावनाओं का पता लगाना चाहते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध बहुत मजबूत हैं।

**दोनों देशों की सेनाओं के बीच बढ़ाएंगे सहयोग, लक्ष्य के साथ करेंगे काम, रक्षा औद्योगिक रोडमैप विकसित करके पारस्परिक लाभ के लिए चिन्हित करेंगे**

### एस. जयशंकर से करेंगे मुलाकात

भारत के विदेश मंत्रालय ने नीदरलैंड के विदेश मंत्री के भारत दौरे पर दिल्ली पहुंचने की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत में आपका स्वागत है। नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील आज नई दिल्ली पहुंचे। दिल्ली और मुंबई में आयोजित उनके कार्यक्रमों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने और उनमें विविधता लाने पर फोकस रहेगा। इस महीने की शुरुआत में भारत और नीदरलैंड ने नई दिल्ली में 13वीं विदेश कार्यालय परामर्श बैठक की थी। इसमें दोनों देशों के बीच सेमीकंडक्टर और एआई, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, ग्रीन हाइड्रोजन और शिपिंग, रक्षा और सुरक्षा, महत्वपूर्ण तकनीकों और इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की गई।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25